# सब गोलमाल है... जहां जरूरत वहां नगर पालिका नहीं करा रहा फागिंग

## रोस्टरवार फॉगिंग की आड़ में सड़कों तक दायरा सीमित होने से मच्छरों पर नहीं हो रहा असर, गली मोहल्लों तक मशीन नहीं पहुंचने से बीमारियों का खतरा बढ़ा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत भले ही नगरपालिका रोस्टरवार फॉगिंग कराने का दावा करे मगर, शहर में सुबह हो या शाम, घर के अंदर हो या बाहर। मच्छरों से लोगों को कहीं भी चैन नहीं मिल रहा है। पालिका को फागिंग कराने की जहां जरूरत है वहां नहीं सिर्फ सड़कों पर कराकर जिम्मेदारी निभाई जा रही है। मोहल्लों और घनी आबादी वाले क्षेत्रों में फॉगिंग न होने से हालात इस कदर खराब है कि शाम होते ही मच्छरों का हमला शुरु हो जा रहा है।

मौसम बदलने के साथ मच्छरों की संख्या बढ़ रही है। सर्वाधिक समस्या शहर में है। मच्छरों से बचने के लिए लोग अपने स्तर पर दवा का छिड़काव करने के साथ कई तरह के इंतजाम कर रहे हैं, लेकिन कोई असर नहीं पड़ रहा। ढाई लाख की आबादी वाले शहर में कुल 27 वार्ड हैं। जिसमें 59 मोहल्ले और 21 कॉलोनियां आती हैं। होली के बाद से ही मौसम मिजाज बदलने लगा था। जिले में अभी तक मलेरिया के 100 से अधिक केस आ चुके है। इधर, संक्रामक रोग रोकने के लिए शासन के निर्देश पर संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है।

मच्छरों का आतंक रोकने के लिए नगरपालिका रोस्टरबार तरीके से फॉगिंग और दवा का छिड़कांव करने का दावा कर रही है। मगर यह फॉगिंग सिर्फ मेन बाजार और सड़कों तक ही सीमित है। गली मोहल्ले और घनी आबादी के बीच मलिन बस्तियों में फॉगिंग मशीन कब पहुंची, ये तो स्थानीय लोगों को भी याद नहीं। जहां फॉगिंग हो रही है वहां भी एक वार्ड में अगर एक बार फॉगिंग हो भी जाए तो दूसरी बार नंबर कम से कम बीस दिन के बाद आता है। जिस वजह से मच्छर फिर से पनपने लगते हैं। जिस वजह से लोग इस गर्मी के मौसम के साथ लोग मच्छरों से भी परेशान हो रहे हैं। परेशान लोग नगर पालिका में रोज शिकायतें करते हैं, लेकिन कोई फर्क नहीं पड़ता है। लोगों का कहना है अगरबत्ती जलाकर रखो, चाहे कोई उपाय कर लो मच्छर पीछा नहीं छोड़ रहे हैं। दिन भर थक-हार कर घर लौटने के बाद दो मिनट का चैन नहीं मिलता है। मच्छरों के आतंक से परेशान होकर मच्छरदानी भी खरीदी, लेकिन उससे भी राहत नहीं है। किसी न किसी तरह मच्छर अंदर चले जाते हैं। मच्छरों के काटने से भय बना रहता है कि कहीं डेंगू- मलेरिया न हो जाए।


शहर के मोहल्ला नखासा स्थित नाले में जमा गंदगी। ● अमृत विचार

### इन मोहल्लों में नहीं पहुंच रही फॉगिंग मशीन

नगर पालिका की ओर से शत प्रतिशत हर वार्ड में फॉगिंग करने का दावा किया जा रहा है। मगर स्थानीय लोगों की मानें तो शहर के मोहल्ला डालचंद, बेनी चौधरी, मोहम्मद फारुख, आसफजान, दुर्गा प्रसाद समेत विभिन्न गली मोहल्लों में फॉगिंग नहीं हो रही है। जहां लोग रातों को मच्छरों से परेशान हो रहे हैं। जिस वजह से इन मोहल्लों में संक्रामक बीमारियों को खतरा तेजी से बढ़ रहा है।

> शहर में प्रतिदिन फॉगिंग कराई जा रही है। रोस्टरवार तरीके से मोहल्लों में फॉगिंग हो रही है। गलियों में गाड़ी नहीं जा पा रही है। जहां हाथ वाली मशीन से फॉगिंग की व्यवस्था कराई जा रही है। – **लालचंद भारती**, ईओ नगरपालिका पीलीभीत

# मच्छरों के सफाये के उपाय भी बना रहे लोगों को बीमार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- अगरबत्ती और लिक्विड दवा के धुएं से बढ़ रही अस्थमा की बीमारी
- सरकारी से लेकर निजी अस्पतालों में उमड़ रही भीड़

**अमृत विचार :** बदलते मौसम के बाद मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ने लगा है। मच्छरों की वजह से लोगों के दिन का चैन और रात की नींद हराम हो चुकी है। इन मच्छरों पर नगरपालिका की फॉगिंग का धुंआ भी काम नहीं कर रहा है। क्योंकि मच्छरों की प्रतिरोधक क्षमता दोगुनी बढ़ गई है। इसलिए लोग मच्छरों से बचने के लिए अपने घरों और दुकानों में क्वाइल और अगरबत्ती के इस्तेमाल कर रहे हैं। लेकिन उसके धुंए से मच्छर तो नहीं मर रहे हैं, उल्टे इनसे निकला धुंआ अस्थमा रोगियों की परेशानी बढ़ा रहा है। साथ लोगों को सांस और फेफड़ों संबधित दिक्कतें बढ़ रही हैं। चिकित्सकों का कहना है कि इस तरह की अगरबत्ती जलाने से कमरे में प्रदूषण बढ़ता है, जिसकी वजह से क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) के साथ अस्थमा और सांस संबधित बीमारी बढ़ सकता है। इसलिए इसका प्रयोग बेहद कम करें।

मेडिकल कॉलेज में इन दिनों बुखार, खांसी, मलेरिया के साथ अस्थमा के मरीजों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। प्रतिदिन ओपीडी में पांच से दस मरीज इस तरह की बीमारी के निकल रहे हैं। इनमें अधिकतर वह मरीज है जो मच्छरों से बचने के लिए अपने घरों में क्वाइल और अगरबत्ती का प्रयोग कर रहे हैं। क्योंकि इससे निकलने वाला धुंआ अस्थमा बीमारी से पहले ग्रसित लोगों पर अधिक अटैक कर रहा है। मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. रमाकांत सागर ने बताया कि एक अगरबत्ती से निकला धुंआ पचास से अधिक सिगरेट के बराबर नुकसान करता है। अगर आप क्वाइल या अगरबत्ती जला रहे हैं तो कमरा बंद कर दें और दो घंटे क बादा ही कमरे में जाएं। इसलिए इन उत्पादों का प्रयोग न के बराबर करें। लंबे समय तक मच्छररोधी अगरबत्ती के धुएं के संपर्क में रहने से फेफड़ों से जुड़े रोग होने और स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। सबसे बेहतर उपाय है कि मच्छरदानी का प्रयोग करें।

### मच्छरों के काटने से बचने के तरीके

- लंबी बाजू वाली शर्ट और पैंट पहनें जिससे शरीर कवर रहे।
- सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। घरों के आसपास पानी जमा न होंने दे
- शाम के समय से दरवाजे खिड़कियां बंद रखे जिससे मच्छर प्रवेश न करने पाएं
- मच्छरों को पनपने से रोकने के लिए समय- समय पर फॉगिंग कराएं

## एक नजर

### 19 मई से एमए, बीएससी की प्रयोगात्मक परीक्षाएं

**पीलीभीत।** उपाधि महाविद्यालय में मौखिक परीक्षाओं की तिथि तय कर दी गई है। एमए द्वितीय वर्ष के अंग्रेजी विषय की मौखिक प्रयोगात्मक परीक्षा 19 मई को सुबह नौ बजे कॉलेज में कराई जाएगी। इसके अलावा बीएससी द्वितीय वर्ष भौतिक विज्ञान और बीएससी तृतीय वर्ष भौतिक विज्ञान की परीक्षा भी सुबह नौ से 11 बजे तक कराई जाएगी। वहीं रसायन विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा भी कराई जाएगी। प्राचार्य डॉ. दुष्यंत कुमार ने बताया कि मौखिक प्रयोगात्मक परीक्षा संपन्न कराई जाएगी, जोकि निर्धारित समय पर होगी। इसकी तैयारी कर ली गई हैं।

### बदली गई केबिल, नौ घंटे गुल रही बिजली

**बरखेड़ा।** पावर कॉरपोरेशन की ओर से बुधवार को कस्बे में बिजली की केबल बदली गई। इस कार्य के चलते पुराना बाजार, कहरान, दलित बस्ती, ठाकुरद्वारा आदि मोहल्ले की करीब नौ घंटे विद्युत आपूर्ति बंद रही। लोग गर्मी में परेशान रहे। अवर अभियंता राजीव शर्मा ने बताया कि कार्य समाप्त होने वाला है। कुछ ही समय बाद विद्युत आपूर्ति शुरू हो जाएगी।

# अब मतगणना का ब्लू प्रिंट तैयार करने में जुटा प्रशासन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- चार जून को मंडी परिसर में सुबह आठ बजे से शुरू होगी मतगणना अधिकारियों की जिम्मेदारियां तय
- बुधवार की शाम को सभी एआरओ और टेक्निकल स्टाफ को किया गया प्रशिक्षित

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर चार जून को होने वाली मतगणना को लेकर जिला प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। मंडी परिसर में होने वाली मतगणना को लेकर ब्लू प्रिंट तैयार किया जा रहा है। वहीं अधिकारियों की भी जिम्मेदारियां तय की जा रही है। बुधवार शाम सभी एआरओ एवं टेक्निकल स्टाफ को प्रशिक्षित किया गया।

पीलीभीत लोकसभा सीट पर प्रथम चरण के तहत 19 अप्रैल को मतदान हो चुका है। मतदान प्रक्रिया संपन्न होने के बाद स्थानीय मंडी परिसर स्थित स्ट्रांग रूमों में विधानसभा वार ईवीएम मशीनों को रखवाया गया है। सभी स्ट्रांगरूमों को त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में रखा गया है। सीसीटीवी कैमरों से निगरानी करने के साथ हर आने जाने वाले का रिकार्ड रखा जा रहा है। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी समेत अन्य अधिकारी रोजाना स्ट्रांग रूमों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। इधर अब जिला प्रशासन ने चार जून को होने वाली मतगणना को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह के निर्देशन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों की जिम्मेदारियां तय करते हुए उनकी ड्यूटी का चार्ट तैयार करना शुरू कर दिया है।

चूंकि मतगणना मंडी परिसर में होनी है, इसको लेकर मंडी परिसर में मतगणना वाले दिन क्या व्यवस्थाएं रहेगी, कहां से प्रवेश दिया जाएगा, किन-किन स्थानों पर बेरिकेडिंग होनी है, इन सभी बिंदुओं पर मंथन करने के साथ इसका ब्लू प्रिंट भी तैयार किया जा रहा है। इधर बुधवार को गांधी सभागार में सभी सहायक रिटर्निंग आफिसर समेत अन्य टेक्निकल स्टॉफ को प्रशिक्षित किया गया।


मंडी परिसर में स्ट्रांग रूमों की सुरक्षा में तैनात सुरक्षाबल।

### वेयरहाउस के निरीक्षण में व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**पीलीभीत।** जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम संजय कुमार सिंह ने बुधवार को निर्वाचन कार्यालय परिसर स्थित वेयर हाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने ईवीएम एवं वीवीपैट वेयर हाउस में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वेयर हाउस के निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन की स्थिति, अग्निशमन उपकरणों, सुरक्षा व्यवस्था एवं सीसीटीवी सहित अन्य व्यवस्थाओं की गहनता से पड़ताल की। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतु पूनिया, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि समेत जिला निर्वाचन कार्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।



### सुबह आठ बजे से शुरू होगी मतगणना

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चार जून को सुबह आठ बजे से मतगणना का कार्य शुरू होगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतु पूनिया ने बताया कि मतगणना का कार्य सुबह आठ बजे से शुरू होगा। पहले पोस्टल बैलेट की गिनती की जाएगी। इसके बाद साढ़े आठ बजे से ईवीएम मशीनों से प्राप्त वोटों की गिनती की जाएगी।

> निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चार जून को होने वाली मतगणना को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। ड्यूटी चार्ट तैयार किया जा रहा है। मतगणना स्थल पर की जाने वाली व्यवस्थाओं का खाका तैयार किया जा रहा है। जल्द ही तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। – **ऋतु पूनिया**, उप जिला निर्वाचन अधिकारी

# फुसलाकर ले जाई गई युवती को पुलिस ने किया बरामद

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** बहला फुसलाकर ले जाई गई युवती को पुलिस ने बरामद कर लिया। अब उसका मेडिकल परीक्षण कराकर बयान कराए जाएंगे।

क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 13 मई की सुबह साढ़े दस बजे उसकी पुत्री मामा के घर जा रही थी। रास्ते में गांव नारायणपुर के पास से बीसलपुर का रहने वाला पवन उनकी बेटी को बहला फुसलाकर साथ ले गया। बेटी से अनहोनी होने की आशंका जताई थी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश में जुट गई। दरोगा रविंद्र सिंह बालियान ने बताया कि युवती को मंगलवार देर शाम चीनी मिल बीसलपुर के नजदीक तिराहे से बरामद कर लिया है। युवती की उम्र करीब 21 वर्ष है। मेडिकल परीक्षण कराकर बयान कराए जाएंगे। उसी आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

# यूनियन कर्मचारियों ने कार चालक को पीटा

**बीसलपुर, अमृत विचार:** कार सवार से मारपीट करने का आरोप प्राइवेट यूनियन के कर्मचारियों पर लगा है। घायल को सीएचसी भर्ती कराया गया है।

कोतवाली में दी गई तहरीर में क्षेत्र के ग्राम लाडपुर निवासी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि वह बरेली से पिछले 11 माह से बीसलपुर क्षेत्र के प्राइमरी विद्यालयों में सेवारत अध्यापकों को लाने व ले जाने का काम करते हैं। बुधवार को वह ईको में शिक्षकों को लेकर बरेली से आए थे। शिक्षकों को बरेली वापस ले जा रहे थे। ईदगाह चौराहा पर कुछ अन्य अध्यापक गाड़ी का इंतजार कर रहे थे। पीड़ित ने उन्हें अपनी गाड़ी में बैठाना शुरू किया तो प्राइवेट यूनियन के चार आ गए और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर लाठी डंडे से पिटाई कर दी। किसी तरह भगाकर खुद को बचाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।







# व्यापार मंडल चलाएगा जिले में सदस्यता अभियान


बैठक में मौजूद व्यापारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- शहर के एक होटल में आयोजित जिला कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया निर्णय

**अमृत विचार:** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की ज़िला कार्यकारिणी की बैठक मंगलवार देर शाम जिलाध्यक्ष मोहम्मद अफरोज जिलानी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसका संचालन जिला कोषाध्यक्ष संजय पांडे ने किया। बैठक में पदाधिकारियों ने संगठन को ओर मजबूत बनाने व जिलेभर में सदस्यता अभियान चलाने पर जोर दिया गया।

शहर के एक होटल में बुधवार को आयोजित की गई बैठक में जिला मुख्यालय के अलावा जिले की प्रत्येक तहसील, विकास खंड और नगर से पदाधिकारी शामिल हुए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अफरोज जिलानी ने ने कहा कि पूरे जनपद में व्यापारी सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। जिसका मकसद सिर्फ और सिर्फ व्यापारियों की समस्याओं को शासन और जिला प्रशासन तक पहुंचाकर उनका निदान कराना होगा। कहा कि अक्सर देखा गया है कि हमारे छोटे कस्बों के व्यापारियों की समस्याओं का निदान सिर्फ इस वजह से नहीं हो पाता है कि उनको पूर्ण जानकारी नहीं होती है। मगर ऐसा अब नहीं होने दिया जाएगा। पदाधिकारी कस्बों में जाकर व्यापारियों से मिलेंगे और उनकी समस्याओं को समझने के बाद उसका निदान कराएंगे। ज़िला संरक्षक प्रकाश वीर ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं को हर महीने जिलाधिकारी की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में रखा जाए ताकि व्यापारियों के सामने किसी तरह की असुविधा न हो। जिला चेयरमैन अनिल महेंद्रु ने कहा कि एकता में बहुत बड़ी ताकत होती है। व्यापारी एकता हमेशा बनी रहनी चाहिए। इससे जहां व्यापारी निडर होकर कारोबार कर पाएगा वहीं समय-समय पर छापेमारी के दौरान अधिकारी भी बेवजह परेशान नहीं कर पाएंगे। कहा कि मिलावटखोरी करने वालों का व्यापार मंडल किसी स्तर पर साथ नहीं देगा। इसलिए सभी व्यापारी बंधु ईमानदारी से काम करें।

इस मौके पर व्यापार मंडल से जिला महामंत्री पंकज अग्रवाल, सपना यादव, कंचन सक्सेना, शैली शर्मा, विक्रांत मिश्र, प्रवीण मोहन अग्रवाल, नगर अध्यक्ष रणवीर पाठक, शलभ सिंह, राशिद अंसारी, संदीप सक्सेना, प्रदीप कुमार शुक्ला, जगजीवन बाजवा, रवि जायसवाल, डा. उमाशंकर आदि मौजूद रहे।

# घर में घुसकर छेड़छाड़ करने पर रिपोर्ट दर्ज

**माधोटांडा, अमृत विचार :** क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 12 मई की रात साढ़े 11 बजे वह घर पर सो रही थी। इस बीच गांव का ही विजेंद्र घर में घुस आया और बुरी नियत से पकड़ लिया। अश्लील हरकत कर छेड़छाड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर धमकाया। शोर सुनकर आसपास के लोग जाग गए इस पर आरोपी धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने मामले में नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

# लखीमपुर के युवक संग चली गई युवती

**जहानाबाद, अमृत विचार :** कोतवाली जहानाबाद क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 20 वर्षीय पुत्री को लखीमपुर जनपद के फरधान थाना क्षेत्र के गांव भूटा निवासी अमित कुमार बहला फुसलाकर ले गया। युवती की काफी तलाश की गई लेकिन कुछ पता नहीं चल सका है। इंस्पेक्टर जहानबाद मुकेश शुक्ला ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर युवती की बरामदगी को टीम लगाई है।

# राइस मिल में मिला 4700 क्विंटल अतिरिक्त गेहूं, दो लाख जुर्माना डाला

संवाददाता, बीसलपुर (पीलीभीत)

- 1.60 लाख रुपये मंडी शुल्क मौके पर जमा कराया, दिनभर मची रही खलबली
- एसडीएम बीसलपुर की अगुवाई में की गई छापामारी के बाद सतर्क हुए अन्य राइस मिलर्स

**अमृत विचार:** गेहूं खरीद को रफ्तार देने के लिए जिला प्रशासन की ओर से बरती गई सख्ती का असर अब दिखाई देने लगा है। एसडीएम बीसलपुर की अगुवाई में बिलसंडा की रामजी राइस मिल में की गई छापेमारी में घपलेबाजी पकड़ी गई। जांच के दौरान यहां 4700 क्विंटल गेहूं का अतिरिक्त स्टॉक पकड़ा गया। इस पर मंडी शुल्क जमा कराने के साथ ही दो लाख रुपये का जुर्माना भी राइस मिलर्स पर डाला गया है। डीएम के निर्देश पर हुई इस कार्रवाई के बाद से अन्य राइस मिलर्स में खलबली मच गई है।

जिले में गेहूं खरीद एक मार्च से शुरू की गई थी, लेकिन फसल पूरी तरह से नहीं पक सकी थी। ऐसे में तीन अप्रैल से जनपद में गेहूं की सरकारी खरीद शुरू हो सकी थी। बीते साल की तरह इस बार भी गेहूं खरीद रफ्तार नहीं पकड़ पा रही है। जिसके चलते अधिकारी संजीदा हुए हैं। 3.08 लाख मीट्रिक टन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए अधिकारियों की ओर से अवैध भंडारण को लेकर सख्ती शुरू की गई है। डीएम संजय कुमार सिंह के निर्देश पर सोमवार को एसडीएम बीसलपुर महिपाल सिंह, मंडी सचिव नाजिम अली, ईएमओ महिपाल गंगवार, बिलसंडा इंस्पेक्टर अजय कुमार ने टीम के साथ बिलसंडा क्षेत्र की रामजी राइस मिल में छापा मारा था। बताते हैं कि जांच के दौरान राइस मिल में स्टॉक का मिलान करने पर 4700 क्विंटल गेहूं अधिक पाया गया था। इस पर राइस मिल संचालक से अभिलेख मांगे गए। मगर अभिलेख न दिखा पाने पर जुर्माना वसूला गया।

मंडी सचिव ने बताया कि रामजी राइस मिल के स्वामी से दो लाख रुपये समन शुल्क की वसूली की गई है। इसके अलावा 1.60 लाख रुपये मंडी शुल्क भी जमा कराया गया है।

> रामजी राइस मिल बिलसंडा में छापामारी की गई थी। जिसमें 4700 क्विंटल अतिरिक्त गेहूं पाया गया था। संबंधित राइस मिलर्स से जुर्माना वसूला गया है। मंडी शुल्क भी जमा कराया गया है। – **महिपाल सिंह**, एसडीएम बीसलपुर




# निर्माणाधीन पानी टंकी के गुणवत्ता पर सवाल

संवाददाता, दियोरियाकलां

- ग्रामीणों ने निर्माण बंद कराया बोले- हो रही घपलेबाजी
- ग्राम पंचायत अकोड़ा के मजरा नौगमियां में का मामला

**अमृत विचार:** ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिए ग्राम पंचायत अकोड़ा में टंकी का निर्माण चल रहा है। निर्माणाधीन टंकी के गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे है। मानक के विपरीत निर्माण होने की ग्रामीणों में रोष है। उनका कहना है कि हर घर स्वच्छ जला पूर्ति दिलाने के मकसद से गांव में बनवाए जा रहे ओवरहेड टैंक निर्माण के कार्य में गुणवत्ता दरकिनार की जा रही है। मानकों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर निर्माण कार्य रुकवा दिया और अधिकारियों से मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

बिलसंडा ब्लाक के गांव अकोड़ा के मजरा नौगमियां में करीब दो साल से टंकी का निर्माण कार्य चल रहा है। कार्य की गति काफी धीमी है। जिसके चलते अभी तक काम अधूरा पड़ा है। बताया जाता है कि सोलर पैनल कंपाउंड में लगा दिए गए हैं, जबकि ओवरहेड टैंक का निर्माण हाल ही में शुरू किया गया। अगर इसी गति से निर्माण कार्य हुआ तो इस पंचवर्षीय योजना में निर्माण कार्य पूरा होना किसी भी हाल में संभव नहीं होगा। ठेकेदार की ओर से ओवरहेड टंकी की बाउंड्री वॉल बनवाई जा ही है। आरोप है कि इसमें मानकों की जमकर अनदेखी की गई है। गांव के ही ज्ञानेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार, श्रीपाल, अमर सिंह, मैकूलाल, खरगाई लाल, झुनकाई लाल, अवधेश कुमार आदि ग्रामीणों ने बुधवार को घटिया सामग्री लगाने का आरोप लगाते हुए विरोध कर दिया। जिसके बाद काम भी बंद करवा दिया गया। ग्रामीणों ने प्रशासनिक अधिकारियों से गुणवत्तापूर्ण कार्य कराते हुए मामले की जांच कराने की मांग की है।


इसी स्थान पर चल रहा है निर्माण कार्य। ● अमृत विचार






# मेडिकल कॉलेज: यहां जर्जर आवासों में हर वक्त खतरे में जान

## नया भवन तैयार नहीं होने पर टूटे फूटे आवासों में रह रहे कर्मचारियों को सत्ता रहा डर, कई ने सेवानिवृत्त होने के बाद भी जमा रखा कब्जा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** कहने को संयुक्त चिकित्सालय को मेडिकल कॉलेज का दर्जा मिल चुका है। लेकिन यहां के जिम्मेदारों की हीलाहवाली के चलते जहां मरीज और तीमारदारों को परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं, मेडिकल कॉलेज परिसर में बने चार दशक पहले सरकारी आवासों में स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ जान जोखिम में डालकर रह रहा है। कई चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ यहां परिवार समेत रहते हैं। बदहाली का आलम यह है कि यहां अक्सर छज्जे टूटकर गिरते रहते हैं। मेंटीनेंस के नाम पर वेतन से कटौती के बावजूद बरसों से आवासों की मरम्मत नहीं कराई है। कर्मचारियों के परिवार खुद जरूरी मरम्मत कराते हैं। कई चिकित्सक और कर्मचारी ऐसी भी है जो रिटायर होने के बाद भी आवास छोड़ने को तैयार नहीं है। यहां सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम न होने पर परिसर में हर समय अराजक तत्वों का भी जमावड़ा रहता है। इसको लेकर कई बार शिकायतें भी हुई मगर, जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे। जिले में संचालित होने वाला मेडिकल कॉलेज पहले संयुक्त चिकित्सालय के नाम से था। जिसमें पुरुष और महिला अस्पताल अलग-अलग चलता था। उस दौरान कर्मचारियों और डॉक्टरों के रहने के लिए आवास भी बनाए गए थे। जिन्हें तीन टाइप में विभाजित किया गया था। पूरे कैंपस में करीब 250 से अधिक आवास बने हुए हैं। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी से लेकर डाक्टर्स के लिए आवा हैं। जर्जर हो चुके अधिकांश आवासों का हाल यह है कि हल्की बारिश होते ही छत से पानी रिसने लगता है। टूटे फर्श और प्लास्टर की स्वास्थ्य कर्मियों को खुद की जेब से मरम्मत करानी पड़ती है। आवासों के छज्जे लटकने लगे है, तो किसी का प्लास्टर टूटकर गिर रहा है। वहीं गेट न होने के चलते लोगों ने लकड़ियों को इकट्ठा कर उसे गेट बना दिया है ताकि आवास में जानवर आदि न घुसे।


मेडिकल कॉलेज में बने आवासों में उगी घास और झाड़ियां।


टाइप बी ब्लॉक में आवास के छज्जे से टूटता प्लास्टर।


मेडिकल कॉलेज में आवासों के बाहर उगी घास और झाड़ियां।

- चार दशक पहले बने थे आवास, मेटीनेंस के नाम पर कर्मचारियों के वेतन से की जा रही कटौती
- जिन आवासों में रह रहे कर्मचारी वह उग रहे पेड़, नाले नालियों में भी लगा गंदगी का ढेर

### नए आवासों का अभी तक नही हो सका आवंटन

मेडिकल कॉलेज बनने के बाद पैरामेडिकल स्टाफ और डॉक्टरों के लिए 200 बेड अस्पताल के पास में आवास बनाए गए थे। जिसका काम निर्माणउ कार्यदायी संस्था की ओर से पूरा कर दिया गया। मगर अभी तक भवन तकनीकी निरीक्षण के चलते हैंडओवर नहीं हो सका। ऐसे में यह भवन बनने के बाद भी खाली पड़ा है। पुराने जर्जर आवासों में ही डॉक्टरों को रहकर काम चलना पड़ रहा है। अफसरों की मानें तो भवन का तकनीकी मुआयना करने के बाद ही हैंडओवर लिया जाएगा।



आवासों की सुरक्षा करने के लिए बनाया गया लकड़ी का गेट।

### अफसर झांकने तक नहीं आते

बंगलों में रहने वाले अफसर आज तक इन आवासों में झांकने के लिए नहीं पहुंचे। यहां रहने वाले कई कर्मचारियों ने नाम न छापने की गुजारिश पर बताया कि लंबे समय से सरकारी आवासों का मरम्मत का कार्य कागज पर चल रहा है। आवास में जल निकासी का समुचित व्यवस्था न होने से जलजमाव बड़ी समस्या है। घरों से निकलने वाला पानी से संक्रामक रोगों का खतरा बना है। जिला संयुक्त चिकित्सालय मेडिकल कॉलेज में तब्दील होने पर भी कोई समाधान नहीं हो रहा। आलम यह है हाल ही में कुछ नए डॉक्टर और स्टाफ ने ज्वाइन किया है। वह जर्जर आवासों की हालत देख यहां रहने के लिए तैयार नहीं है। उनका कहना है कि यह भवन दयनीय स्थिति में हैं। इसलिए यह रहना खतरे से खाली नहीं है।

> कैंपस में बने कुछ आवास जर्जर हो चुके हैं। जिसकी जानकारी मिली है। इसलिए इन आवासों की रिपोर्ट तैयार कराई जा रही है। जिसमें कितने आवास जर्जर है और कितने की मरम्मत होनी है। जिसका डेटा शासन को भेजा जा रहा है। जल्द ही इस अव्यवस्था का सुधार किया जाएगा। नए भवन को भी हैंडओवर करने की प्रक्रिया चल रही है। – **डॉ. संगीता अनेजा**, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज

## रहस्यमय ढंग से शिक्षिका लापता, झोलाछाप हिरासत में

**पूरनपुर, अमृत विचार:** घर से स्कूल जाने के लिए निकली निजी स्कूल की एक शिक्षिका रहस्यमय तरीके से लापता हो गई। परिजन ने दूसरे समुदाय के एक झोलाछाप पर बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने झोलाछाप को हिरासत में ले लिया है।

क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री नगर के एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षिका है। रोजाना की तरह वह मंगलवार सुबह घर से स्कूल जाने की बात कहकर निकली थी। मगर, इसके बाद से लापता है। रोजाना की तरह देर शाम तक जब वह घर नहीं लौटी तो परिवार वाले चिंतित हो गए और उसकी तलाश शुरू कर दी। मोहल्ले में ही क्लीनिक संचालित करने वाले एक झोलाछाप पर बेटी को फुसलाकर ले जाने का परिजनों ने आरोप लगाया। जिसके बाद पुलिस ने झोलाछाप को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। हालांकि अभी कोई खास क्लू नहीं मिल सका है। वह खुद पर लगाए गए आरोपों को गलत बता रहा है। कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि परिजनों के आरोप पर एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जांच पड़ताल के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा। जल्द ही युवती बरामद की जाएगी।

## खेत पर फूल तोड़ने गए युवक को बेरहमी से पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नावकूड़ के रहने वाले जीतू सैनी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 14 मई की शाम छह बजे वह अपने खेत पर गुलाब तोड़ने गया था। इस दौरान गांव का देवदत्त, धर्मपाल और रितेश मिल गया। आरोप है कि यह लोग बेवजह गाली गलौज करने लगे। जब इसको लेकर विरोध किया तो हमला कर बेरहमी से लाठी डंडो से पिटाई कर दी। शिकायत करने पर देख लेने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है।

## तीन शातिर चोर, पांच लुटेरों पर लगाया गैंगस्टर एक्ट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- जहानाबाद और सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षकों की ओर से की गई कार्रवाई

**अमृत विचार:** कोतवाली और जहानाबाद पुलिस ने गिरोह बनाकर लूटपाट और नकबजनी करने वाले शातिर अपराधियों पर शिकंजा कसा है। आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है।

कोतवाली में इंस्पेक्टर नरेश त्यागी की ओर से दर्ज की गई रिपोर्ट में मोहल्ला जोशीटोला निवासी रोहित उर्फ लपका, शशी और मोहल्ला शेर मोहम्मद निवासी रफीक उर्फ चौधरी को नामजद किया गया है। जिसमें बताया कि तीनों आरोपी गिरोह बनाकर नकब लगाकर चोरी की घटनाएं करते हैं। इनका आमजन में भय व आतंक है। शातिर किस्म के अपराधी है। आपराधिक इतिहास का भी हवाला दिया गया। उधर, जहानाबाद थाने में इंस्पेक्टर मुकेश शुक्ला की ओर से दर्ज की गई रिपोर्ट में न्यूरिया थाना क्षेत्र के ग्राम गुलड़िया दुल्हन के निवासी मुजीब, अमरोहा जनपद के थाना नौगवां सादात के ग्राम नालूखुर्द निवासी शाहरुख, हरिद्वार उततराखंड के रूड़की कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टोड़ा कल्याणपुर निवासी धर्मवीर, दिल्ली के सीलमपुर गली नंबर सात के निवासी आसिफ, मेरठ के हस्तिनापुर थाना क्षेत्र के ग्राम रिठौराखुर्द निवासी संजय उर्फ संजू को नामजद किया है। जहानाबाद इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी लूटपाट की घटनाएं गिरोह बनाकर अंजाम देते हैं। इन पर कई मुकदमे दर्ज हैं। सभी शातिर अपराधी हैं। इन पर गैंगस्टर एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## सड़क हादसों में बाइक सवार समेत दो लोग घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार:** अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक घायल हो गया। जनपद शाहजहांपुर के थाना निगोही क्षेत्र के ग्राम धूलिया के रहने वाले हाशिम अपनी रिश्तेदारी में बीसलपुर आए थे। मंगलवार देर रात पैदल टहल रहे थे। रोड पार करते वक्त किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। जिसमें वह घायल हो गए। आनन-फानन में उन्हें सीएचसी भर्ती कराया है। उधर, रढ़ैता और उगनपुर गांव के पास बाइकों की टक्कर हो गई।ग्राम दौलतपुर के प्रदीप कुमार ने बताया कि वह बीसलपुर पेट्रोल पंप काम करते हैं। मंगलवार रात काम निपटाकर बाइक से घर जा रहे थे कि रास्ते में दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। जिसमें वह घायल हो गए। उन्हें सीएचसी भर्ती कराया गया है।

## संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत, कमरे में पड़ा मिला शव

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की ससुराल में मौत हो गई। उसका शव ससुराल में एक कमरे में पड़ा मिला। घटना की जानकारी मिलने पर पहुंचे मायके वालों ने ससुरालियों पर लंबे समय से दहेज की खातिर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए हत्या की आशंका जताई। सेहरामऊ उत्तरी पुलिस शव पोस्टमार्टम को भेज छानबीन में जुट गई है। हादसे के चलते गांव में हड़कंप मचा रहा।


मृतका काजल का फोटो।

थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव बहादुरपुर के रहने वाले महेंद्र सिंह ने बताया कि उनकी पुत्री काजल ( 25 ) की शादी जून 2021 में क्षेत्र के ही गांव महादेव माती के अमित कुमार से हुई थी। शादी में उन्होंने हैसियत अनुसार दान दहेज दिया। लेकिन बेटी के ससुरालवाले नाखुश थे। वह शादी के कुछ दिन समय बाद से ही अतिरिक्त दहेज को लेकर बेटी को प्रताड़ित करने लगे थे। जब प्रताड़ित करने की सभी हदें पार कर दी तो काजल ने इसकी जानकारी अपने मायके वालों को दी। इसके बाद दोनों परिवारों के बीच वार्ताएं भी चलीं। मगर आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों में सुधार नहीं हो सका। इधर, बुधवार को काजल की ससुराल में संदिग्ध हालात में मौत हो गई। इसकी जानकारी मिलने पर मायके वाले बेटी की ससुराल पहुंचे। आरोप है कि शव कमरे में पड़ा हुआ था और चोट के निशान थे। ससुरालियों की दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। सेहरामऊ उत्तरी पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी जुटाई। आसपास के लोगों से भी संपर्क कर सुरागरसी की गई। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम की मदद से पड़ताल करती पुलिस। ● अमृत विचार

- दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर मायके वालों ने हत्या करने का लगाया आरोप
- सेहरामऊ उत्तरी पुलिस ने मौका मुआयना कर जुटाई जानकारी, शव पोस्टमार्टम को भेजा

### फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर जुटाए साक्ष्य

विवाहिता की मौत के बाद दहेज हत्या के आरोप लगा दिए गए। चूंकि शव जमीन पर पड़ा मिला था। ऐसे में वजह जानने के लिए शव का पोस्टमार्टम तो कराया ही जा रहा था। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक टीम की भी मदद ली। सूचना मिलने पर फॉरेंसिक टीम के एक्सपर्ट पहुंचे और काफी देर तक पड़ताल में जुटे रहे रहे।

### मायके वाले बोले-आठ दिन पहले ही हुई थी सुलह

परिजनों ने बताया कि विवाहिता का ससुरालियों से कई बार विवाद हो चुका था। अभी कुछ समय पहले ही वह झगड़े के बाद मायके चली गई थी। अपने मायके में ही रह रही थी। एक दिन पहले मंगलवार को ही वार्ता के बाद सुलह हो सकी थी। जिसके बाद विवाहिता अपनी ससुराल वापस आई थी। दूसरे ही दिन बुधवार को उसकी जान चली गई।

> ससुराल में एक विवाहिता की मौत हुई है। मौका मुआयना कर जानकारी की गई है। मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर स्पष्ट हो सकेगी। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। टीम जांच कर रही है। – **प्रकाश सिंह**, एसओ सेहरामऊ उत्तरी

## पत्नी की हत्या मामले में दोषी पति को उम्रकैद

विधि संवाददाता, पीलीभीत



- अपर सत्र न्यायाधीश अनु सक्सेना ने 58 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित भी किया

**अमृत विचार:** पत्नी की हत्या के आरोपी पति को सुनवाई के बाद दोषी पाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश अनु सक्सेना ने सजा सुनाई। आरोपी पति कोतवाली पूरनपुर क्षेत्र के ग्राम नरायनपुर पंकज कालोनी का बब्बू उर्फ प्रेमप्रकाश पुत्र स्वर्गीय सुशील को उम्रकैद और 58 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

अभियोजन कथानक के अनुसार कोतवाली पूरनपुर क्षेत्र के ग्राम नरायनपुर निवासी राजवती पत्नी स्वर्गीय सुशील ने पूरनपुर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया था कि वह अपनी बेटी पुष्पा के घर मोहल्ला पंकज कॉलोनी ग्राम नरायनपुर में रहती है। उसकी बेटी व दामाद बंगलौर में रहते है। उसका बेटा बब्बू अपनी पत्नी संगीता व बच्चों के साथ बंगलौर में रहकर किसी कंपनी में काम करता है। 09 जनवरी 2022 को अपनी पत्नी के साथ नरायनपुर आया हुआ था। 10 जनवरी 2022 की रात 12 बजे उसके बेटे बब्बू का अपनी पत्नी संगीता से झगड़ा हो गया। बब्बू ने अपनी पत्नी को मारा पीटा। वादिनी डर की वजह से रात में इधर उधर घूमती रही।

अगले दिन 2-3 बजे जब घर वापस आयी तो उसने देखा कि कई जगह खून पड़ा हुआ था। तलाश करने पर संगीता उसे कही नहीं मिली। गोदाम के गड्ढे में उसने संगीता का शव दबा देखा। उसने अपनी तहरीर में यह भी बताया कि उसके बेटे बब्बू ने अपनी पत्नी संगीता को मारपीट कर उसकी हत्या कर शव को गोदाम के गड्ढे में दफना दिया है।

पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश अनु सक्सेना की अदालत में हुई। दोनों पक्षों को सुनने व पत्रावली का परिशीलन करने के बाद न्यायालय ने आरोपी बब्बू उर्फ प्रेम प्रकाश को पत्नी संगीता की हत्या का दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

### किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल कैद

**पीलीभीत।** किशोरी से दुष्कर्म करने के मामले में सुनवाई के बाद अपर सत्र न्यायाधीश छांगुरराम ने अभियुक्त दो दोषी पाते हुए 20 साल कैद की सजा सुनाई। उस पर 45 हजार रुपये अर्थदंड भी डाला गया। न्यायालय ने यह भी आदेश किया कि जुर्माना की धनराशि से 75 प्रतिशत की धनराशि बतौर प्रतिपूर्ति पीड़िता को दी जाएगी। राज्य सरकार की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक रोहित कुमार शुक्ला ने की। अभियोजन कथानक के अनुसार थाना बरखेड़ा क्षेत्र के एक व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि वह बच्चों समेत उत्तराखण्ड में रहकर मजदूरी करते हैं। उसकी 15 वर्षीय पुत्री गांव में अपनी दादी के साथ रहती थी। 17 जून 2021 की दोपहर एक बजे उसकी पुत्री को थाना अमरिया क्षेत्र का रहने वाला विक्की और जहानाबाद क्षेत्र का दीपक फुसलाकर ले गए। वादी को उसकी मां ने सारी बात बताई। तलाश करने पर वादी की पुत्री नहीं मिली। पुलिस ने विवेचना के बाद योगेश कुमार को मामले का आरोपी पाते हुए उसके खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश छांगुर राम की अदालत में हुई। न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली का परिशीलन करने के बाद आरोपी योगेश कुमार को किशोरी से दुष्कर्म का दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

## हादसे में ग्रामीण की मौत मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** पीलीभीत -बीसलपुर मार्ग पर 16 दिन पूर्व वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई थी। इस मामले में अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

कोतवाली बीसलपुर क्षेत्र के गांव जसोली निवासी नीतू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 29 अप्रैल को उसके पति जगदीश प्रसाद अपनी भाभी खुशबू के साथ गांव जसोली से पीलीभीत होते हुए रुद्रपुर जा रहे थे। सुबह करीब पांच बजे थाना बरखेड़ा क्षेत्र के गांव पतरसिया के पास पहुंचते ही अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें पति की मौत हो गई। जबकि भाभी को चोट आई। बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## रोजगार सेवक पर अब प्रधान और सचिव ने लगाए आरोप, होगी जांच

संवाददाता, बिलसंडा

- बीडीओ ने दो सदस्यीय टीम गठित कर तलब की जांच रिपोर्ट

**अमृत विचार:** ग्राम पंचायत पंडरी मरौरी में मनरेगा के तहत हुए कार्यों में फर्जीवाड़ा करने का आरोप लगाते हुए रोजगार सेवक ने प्रधान की मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की थी। जिसके बाद अब प्रधान ने रोजगार सेवक के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। रोजगार सेवक को नोटिस दिया है। जिसमें रोजगार सेवक पर उसके सगे संबंधियों के बैंक खातों में धनराशि फर्जी तरीके से भेजने समेत कई गंभीर आरोप लगाए हैं। फिलहाल बीडीओ ने इस मामले में दो सदस्यीय टीम गठित कर जांच रिपोर्ट तलब की है।

अभी कुछ समय पहले ही मनरेगा में भ्रष्टाचार को लेकर आरोप तकनीकी सहायक ने लगाए थे।

> रोजगार सेवक की ओर से मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत के बाद मनरेगा के तहत कराए गए कार्यों की जांच करने के लिए टीम गठित कर दी गई है। जांच कर जल्द रिपोर्ट मांगी गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। – **अमित कुमार शुक्ला**, खंड विकास अधिकारी बिलसंडा

ये मामला सुर्खियां बना रहा और इसे लोग भूल नहीं सके थे कि गांव पंडरी मरौरी से भी काम कराए बिना धनराशि ठिकाने लगाने का आरोप लगा दिया गया है। ग्राम पंचायत में तैनात रोजगार सेवक रामवीर सिंह ने पोर्टल पर दर्ज कराई गई शिकायत में बताया कि प्रधान ने बिना कार्य कराए मनरेगा से धनराशि ठिकाने लगा दी गई। दबाव बनाया कि वह उसी के अनुरूप कार्य करें। रोजगार सेवक की ओर से मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत से ब्लॉक प्रशासन में खलबली मची तो बीडीओ अमित कुमार शुक्ला ने दो सदस्यीय टीम गठित की। जिसमें जेई एमआई मनोज, एपीओ अंकित शामिल हैं।

उधर, टीम जांच करने गांव पहुंचती इससे पहले ही प्रधान मुन्नी देवी और सचिव प्रकाश राम आर्य ने रोजगार सेवक रामवीर पर भी भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए नोटिस जारी कर दिया। जिसमें उन्होंने रोजगार सेवक पर गलत तरीके से अपने सगे संबंधियों के बैंक खातों में मनरेगा की धनराशि भेजने का आरोप लगाते हुए जवाब तलब किया है।

## करंट लगने से हुई थी तेंदुआ की मौत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- चिकित्सीय पैनल की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ खुलासा
- दो दिन पूर्व महोफ रेंज के भरतपुर खकरा में मृत मिला था तेंदुआ

**अमृत विचार:** महोफ रेंज में मृत मिले तेंदुआ की मौत करंट लगने से हुई थी। इसका खुलासा तीन सदस्यीय चिकित्सीय पैनल द्वारा किए गए पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में हुआ है। वन अफसरों की मानें तो तेंदुआ जंगल से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया था। इससे उसकी पूंछ भी झुलस गई थी।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व की महोफ रेंज में 13 मई को गश्त के दौरान वन कर्मियों को एक तेंदुआ का शव पड़ा मिला था। सूचना पर पीटीआर के उप प्रभागीय वनाधिकारी रमेश चौहान टीम के साथ भरतपुर खकरा कंपार्टमेंट पहुंचे और शव कब्जे में लेकर सुरक्षित रखवा दिया था। तेंदुआ के पोस्टमार्टम के लिए फील्ड डायरेक्टर विजय सिंह ने तीन चिकित्सकों समेत आठ सदस्यीय टीम का गठन किया था। इमंगलवार को वन अफसरों की देखरेख में डिप्टी सीवीओ डॉ. लक्ष्मी प्रसाद, पीटीआर के पशु चिकित्सक डॉ. दक्ष गंगवार और बरखेड़ा के पशु चिकित्साधिकारी डॉ. हरपाल सिंह ने तेंदुआ के शव का पोस्टमार्टम किया।

जिसमें तेंदुआ की मौत करंट लगने से होना पाया गया। अफसरों के मुताबिक जंगल में 11 हजार केवी की बिजली लाइन गुजर रही है। संभवता पेड़ पर चढ़ने के दौरान तेंदुआ को करंट लगा होगा। तेंदुआ की पूंछ भी झुलसी मिली। डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने पावर कारपोरेशन के अधिशासी अभियंता को पीटीआर से गुजर रही बिजली लाइन के संबंध में पत्र भेजा है।

> मृत तेंदुआ के शव का गाइडलाइन के मुताबिक चिकित्सीय पैनल बनाकर पोस्टमार्टम कराया गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक तेंदुआ की मौत करंट लगने से हुई है। वन क्षेत्र में हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। संभवता बिजली लाइन के संपर्क में आने से ही तेंदुआ की मौत हुई है। – **मनीष सिंह**, डिप्टी डायरेक्टर, पीटीआर

## मालगाड़ी से कटकर ग्रामीण की मौत

**बीसलपुर, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कासिमपुर के पप्पू के बेटे धर्मेंद्र कुमार को बेटी का जन्म हुआ था। पौत्री के नामकरण संस्कार के उपलक्ष में पप्पू ने अपने घर पर समारोह का आयोजन किया था। बुधवार सुबह धर्मेंद्र के पिता पप्पू ग्राम जसौली से आए अपने एक रिश्तेदार सर्वेश को छोड़ने पीलीभीत रोड तक गए। इस दौरान सूचना मिली कि शाहजहांपुर से पीलीभीत की ओर जा रही मालगाड़ी की चपेट में आकर पप्पू (54) की मौत हो गई। जबकि सर्वेश कुमार घायल हो गए। उधर, नामकरण संस्कार को लेकर चल रहा खुशनुमा माहौल ग्रामीण की मौत की खबर पहुंचते ही मातम में बदल गया।

**सराहनीय** संजय रॉयल पार्क परिसर में भारत विकास परिषद के कार्यक्रम में लिया सदस्यों ने संकल्प

## ...ताकि कोई पक्षी ग्रीष्मकाल में भूखा प्यासा न रहे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** संजय रॉयल पार्क परिसर में बुधवार को भारत विकास परिषद का कार्यक्रम हुआ। जिसमें संकल्प लिया गया कि कोई पक्षी ग्रीष्मकल में भूखा प्यासा ना रहे। इसके लिए समस्त सदस्यों को परिषद की ओर से मिट्टी के सकोरों, पक्षियों का दाना वितरित किया गया।

आवाहन किया गया कि सभी प्रतिदिन पानी भरकर अपनी छत पर छायादार जगह पर पक्षियों के लिए दाना डालेंगे। उनको भोजन पानी का इंतजाम करेंगे। जिला प्रभारी डॉ.अनिल सक्सेना ने सभी सदस्यों के मध्य एक प्रतियोगिता का भी आयोजन कराया। जिसमें तय हुआ कि पक्षियों को पानी पिलाते हुए अपना एक फोटोग्राफ सभी लोग ग्रुप पर एकत्रित करेंगे और जो सबसे अच्छा फोटो होगा उसे पुरस्कृत किया जाएगा।

इसके अलावा प्याऊ,पारिवारिक सावनी, राष्ट्रीय समूह प्रतियोगिता, भारत को जानो प्रतियोगिता ,गुरु वंदन छात्र अभिनंदन प्रतियोगिता, गोशाला से जुड़े कार्यक्रम आदि आगे कराने का निर्णय लिया गया। प्याऊ इसी माह स्टेशन रोड पर लगाया जाएगा।

इस मौके पर सौरभ सक्सेना डॉ.एसपीएस संधू , ज्ञानेंद्र अग्रवाल एडवोकेट, अनिल मैनी ,स्वतंत्र देवल, संजय बंसल, संजय जिंदल, मनोज मित्तल ,अशोक शर्मा, रमेश चंद्र ,राम अवतार गुप्ता, हरीश दुलवानी ,डॉ. बीके सिंह, प्रोफेसर विनय गुप्ता,नलिनी गर्ग, मंजू सक्सेना, सुनील कुमार गुप्ता, अर्जित अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



संजय रॉयल पार्क परिसर में एकत्र सदस्य। ● अमृत विचार

## पीटीआर के जंगल में बाघ नहीं सांपों का भी बढ़ रहा आशियाना

**पीलीभीत, अमृत विचार :** पीटीआर का जंगल बाघों के लिए हीं नहीं बल्कि सांपों के लिए भी फल फूल रहा है। जंगल की आवोहवा उन्हें इस कदर भा रही है कि पूरे देश में मिलने वाले 270 सांपों की प्रजातियों में 16 प्रजातियों के सांप पीटीआर के जंगल की पांच रेंजों में देखने को मिल रहे हैं।

हालांकि खास बात यह है कि अभी तक पीटीआर के जंगल में किसी भी सांप काटने का मामला सामने नहीं आया है। जबकि अजगर से लेकर 170 मीटर के आकार वाला अंधा सांप भी जंगल में मौजूद है। इनके संरक्षण के लिए वन्यजीव संरक्षण व पीटीआर के अफसर एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं। आने वाले दिनों में सांपो को लेकर भी पीटीआर की अलग पहचान बनाएगा। डिप्टी डायरेक्टर का कहना है कि पीटीआर में सांपों की कई प्रजातियां पाई जाती है। सांपों को लेकर अलग से कोई प्लान नहीं है। जंगल और अन्य वन्यजीवों की तरह उन्हें भी संरक्षित किया जा रहा है।

# फाउंडेशन तैयार, अब डिजायन मिलने का इंतजार

## ओडिशा में तैयार किया जा रहा हरदोई ब्रांच नहर पुल का डिजायन, इसी माह के अंत तक मिलने का दावा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार।** असम हाईवे के हरदोई ब्रांच नहर पर बनने वाला पुल को खास तकनीक से बनाया जाएगा। निर्माण एजेंसी के मुताबिक पुल निर्माण को फाउंडेशन तैयार किया जा चुका है। इस पुल का डिजायन ओडिशा के राउरकेला में तैयार किया जा रहा है। संभवता इसी माह के अंत तक पुल के तैयार डिजायन को यहां लाकर असेंबल किया जाएगा।

जनपद में असम हाईवे के हरदोई ब्रांच नहर पुल का निर्माण ब्रिटिश काल के दौरान कराया गया था। तबसे इसी पुल के माध्यम से वाहनों का संचालन किया जा रहा था। खास बात यह है कि असम हाईवे का चौड़ीकरण तो किया गया, लेकिन हरदोई ब्रांच नहर पुल को जस का तस


हरदोई ब्रांच नहर पर पुल निर्माण के लिए तैयार किया गया फाउंडेशन। ● अमृत विचार

छोड़ दिया गया था। पुल जर्जर होने के कारण इसकी कई बार मरम्मत भी कराई जा चुकी है। इधर पुल की मियाद पूरी होने के बाद गत वर्ष शासन ने गत वर्ष नया पुल बनाने को मंजूरी दी थी। हरदोई ब्रांच नहर पर 27.41 करोड़ रुपए की लागत से 74.8 मीटर लंबे पुल का निर्माण

- **27.41 करोड़ की लागत से असम हाईवे पर बनने वाले इस पुल से मिल सकेगी जाम से निजात**

कराया जा रहा है। निर्माण एजेंसी के मुताबिक हरदोई नहर पर फाउंडेशन का कार्य पूरा किया जा चुका है। शेष बचे कार्यों को कराया जा रहा है।

### इसी माह के अंत तक ओडिशा से लाया जाएगा डिजायन

निर्माण एजेंसी के मुताबिक हरदोई ब्रांच नहर पर खास तकनीक से स्टील ब्रिज का निर्माण कराया जाएगा। इसका डिजाइन ओडिशा के राउरकेला में तैयार किया जा रहा है। निर्माण एजेंसी की मानें तो संभवता इसी माह के अंत तक स्टील ब्रिज के सभी सेगमेंट राउरकेला से यहां मंगा लिए जाएंगे। इसके बाद उन्हें असेंबल किया जाएगा।

"हरदोई नहर पर खास तकनीक से पुल का निर्माण कराया जा रहा है। ओडिशा में स्टील ब्रिज का डिजायन तैयार कराया जा रहा है, जोकि लगभग तैयार हो चुका है। पुल निर्माण को लेकर फाउंडेशन का कार्य हो चुका है। - **तरुण बनर्जी,** प्रोजेक्ट मैनेजर

### वन-वे पुल पर रोजाना लगता है जाम

हरदोई ब्रांच नहर पर बना पुल असम हाईवे से गुजरने वालों के लिए लंबे समय से मुसीबत का सबब बना हुआ है। वन-वे पुल होने के कारण यहां एक दिन में कई-कई बार जाम की स्थिति पैदा हो रही है। शाम होने के बाद इस पुल पर जाम लगना आम बात हो चुका है। पुल के दोनों ओर वाहनों की एक से डेढ़ किमी लंबी कतार लगी देखी जा सकती है। यहां जाम की मुख्य वजह भूसी से भरे ओवरहाईट ट्रक है, जिनकी बदौलत यहां जाम लगता है। दिन में तो यहां इक्का-दुक्का पुलिस या होमगार्ड के जवान दिखते हैं, लेकिन रात में यह पुल बेसहारा छोड़ दिया जाता है। पुल पर लगने वाले जाम में जब कोई अफसर की गाड़ी फंसती है तभी यहां पुलिस दिखाई देती है।

# कुकर्म के मामले में तीन युवकों पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता,रोजा

- **ट्विटर पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने की कार्रवाई**
- **बच्चे के परिजनों ने नहीं दी तहरीर, एसआई ने दर्ज कराया मामला**

**अमृत विचार :** रोजा क्षेत्र में सात मई को एक आठ वर्षीय बालक से कुकर्म किए जाने का वीडियो वायरल होने के मामले में पुलिस ने पीलीभीत के तीन युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। वायरल वीडियो की पुलिस ने जांच-पड़ताल की और बालक के परिवार वालों से तहरीर मांगी लेकिन परिवार वालों ने कार्रवाई से इंकार कर दिया। इसके बाद एसआई की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई।

थाना रोजा के उप निरीक्षक जुगुल किशोर पाल ने बताया कि सात मई को क्षेत्र के गांव में शादी समारोह के दौरान एक आठ साल के बच्चे के साथ कुकर्म करने की खबर ट्विटर पर वायरल हुई थी। खबर की सत्यता की जांच पड़ताल शुरू की गई तो घटना में शनि पुत्र सर्वेश, निहाल पुत्र महताब व सुमित पुत्र छेदालाल निवासी दुबे वाल्मीकि बस्ती गोदाम, बीसलपुर पीलीभीत का नाम प्रकाश में आया था। बाद में पुलिस ने पीड़ित बच्चे के परिजनों से घटना की जानकारी ली तो बच्चे के परिजनों ने बताया कि उनका समझौता हो गया है। परिजनों का कहना है कि यदि उनके बच्चे के साथ कोई घिनौनी हरकत होती तो वे रिपोर्ट जरूर दर्ज करवाते। कुकर्म के मामले को गंभीरता से लेते हुए एसआई जुगुल किशोर की ओर से शनि, निहाल व सुमित के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि ट्विटर पर जारी खबर को संज्ञान लेते हुए तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। विवेचना में साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# दहेज में पांच लाख रुपये न मिलने पर विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

संवाददाता, जहानाबाद

- **जहानाबाद पुलिस ने पति समेत पांच के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट**

**अमृत विचार:** पांच लाख रुपये अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को पीटकर घर से निकाल दिया। बिना मांग पूरी किए वापस आने पर मारने की धमकी दी। पुलिस ने पति समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के नौगवां पकड़िया की निवासी सुषमा देवी ने जहानाबाद पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 11 दिसंबर 2016 को कल्यानपुर खास गांव निवासी सुखलाल से हुई थी। मायके वालों ने सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। मगर ससुराल वाले इससे संतुष्ट नहीं थे। आरोप है कि दहेज में पांच लाख रुपये की मांग को लेकर पीड़िता को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। उसे भूखा प्यासा रखा जाने लगा। गृहस्थी बचाने के लिए सब कुछ सहती रही। 13 मई की शाम पांच बजे आरोपियों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग जमा हुए और समझाने का प्रयास किया लेकिन ससुरालिये नहीं मानें। इसके बाद से पीड़िता मायके में रह रही है। जहानाबाद पुलिस ने मामले में पति सुखलाल, ससुर भगवानदास, सास मैना देवी, चेतन प्रकाश, गायत्री देवी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज की है।

### कार न मिलने पर महिला को किया बेघर

**गजरौला, अमृत विचार:** दहेज में स्विफ्ट कार न मिलने पर गुस्साए सुसरालियों ने विवाहिता को पीटकर निकाल दिया। पति समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। ग्राम लालपुर की रहने वाली सोनी देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी बरेली जिले के कैंट थाना क्षेत्रके ग्राम लालपुर निवासी विनोद से 11 दिसंबर 2021 को हुई थी।अतिरिक्त दहेज में स्विफ्ट कार की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने पीड़िता को 27 दिसंबर 2023 को पीटकर घर से निकाल दिया। बिना मांग पूरी किए वापस आने पर जिंदा जलाकर मारने की धमकी दी गई। कई बार सुलह के प्रयास किए गए लेकिन ससुराल वाले नहीं माने। पुलिस ने मामले में पति विनोद, ससुर ओमकार, संतोषा देवी, रंजीत, राखी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## शादी का झांसा देकर शिक्षिका से दुष्कर्म, रिपोर्ट

**पीलीभीत।** स्कूल की एक शिक्षिका को प्रेमजाल में फंसाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। पीड़िता ने शादी करने के लिए कहा तो पहले आरोपी ने टालमटोल की और फिर इनकार कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर सुनगढ़ी पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। थाना गजरौला क्षेत्र की एक युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह एक विद्यालय में वर्ष 2019 से बतौर शिक्षिका नौकरी कर रही है। कोतवाली बीसलपुर क्षेत्र के गांव गुलैंदा गौटिया निवासी गौरव ने उसको अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। इसके बाद शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए। सुनगढ़ी क्षेत्र के एक मोहल्ले में किराए के मकान में पीड़िता रहती थी। वहां भी आरोपी कई बार आया और दुष्कर्म किया। आरोपी ने अपने परिवार वालों से उसके माता पिता को मिलवाया। कुछ समय बाद गौरव और उसके माता-पिता ने शादी करने से इनकार कर दिया। अब आरोपी गौरव दूसरी जगह शादी कर रहा है। जब विरोध किया तो आरोपी जान से मारने की धमकी दे रहा है। इंस्पेक्टर पवन कुमार पांडे ने बताया कि तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच कराई जा रही है।

# किसानों के मसीहा थे टिकैत, कभी नहीं झुके...

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **भाकियू ने मनाई किसान नेता महेंद्र सिंह टिकैत की 13वीं पुण्यतिथि**

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को मंडी समिति स्थित कृषक विश्राम गृह में हुई। जिसका संचालन जिला सचिव नेमचंद वर्मा ने किया। मंडल अध्यक्ष सतविंदर सिंह काहलो, प्रदेश उपाध्यक्ष नागेंद्र सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल रहे और चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की 13वीं पुण्यतिथि मनाठ गई।

सर्वप्रथम महेंद्र सिंह टिकैत के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। उनका नमन करते हुए किसान हित में उनके द्वारा किए गए कार्य बताए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि महेंद्र सिंह टिकैत किसानों के मसीहा थे। किसानों की समस्या का समाधान और उनकी आवाज उठाने के लिए भारतीय किसान यूनियन संगठन 1984 में बनाया गया। किसानों के लिए उनके जीवन स्तर को उठाने के लिए बड़े-बड़े आंदोलन किए। केंद्र व प्रदेश की सरकारों को झुकाया। किसान आंदोलन के दौरान अधिकांश समय जेलों में रहे। 15 मई 2011 को उनका निधन हो गया था। मंडल अध्यक्ष सतविंदर सिंह काहलो ने कहा कि टिकैत सच्चे निडर निर्भीक किसान नेता थे। उनके कई ऐतिहासिक आंदोलन रहे। इस मौके पर निर्मल भोजवाल,पीतमलाल, पूरनलाल, नंदलाल, रामसरन वर्मा, रुपलाल, दुर्गाप्रसाद, धर्मपाल वर्मा, रमेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### पूरनपुर में भी मनाई पुण्यतिथि, कराया भंडारा

**पूरनपुर, अमृत विचार:** किसान नेता महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि पूरनपुर में भी मनाई गई। भाकियू कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के पदाधिकारियों ने तहसील में फल वितरित किए। तहसील परिसर में ही पुण्यतिथि पर भंडारा कराया। मंडल उपाध्यक्ष लालू मिश्रा ने कहा कि किसानों का शोषण नहीं होने दिया जाएगा। संगठन किसान हित के लिए आर पार की लड़ाई लड़ता चला आया है और आगे भी जारी रहेगी। जिला उपाध्यक्ष सर्वेश शुक्ला, जिला सचिव गंगा सिंह, तहसील अध्यक्ष बादाम सिंह, महिला प्रकोष्ठ


पूरनपुर में महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि मनाते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

तहसील अध्यक्ष कमला देवी समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। उधर, मंडी समिति के किसान विश्राम गृह भाकियू अराजनैतिक ने संस्थापक चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की 13 वीं पुण्यतिथि मनाई। इसके साथ ही संगठन का दूसरा स्थापना दिवस भी मनाया गया। उन्हें किसानों का मसीहा बताते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आग्रह किया। जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह ने कहा कि महेंद्र सिंह टिकैत वो नाम है जिन्होंने गरीब घर से चलकर ईमानदारी और हक के लिए किसानों को लड़ना सिखाया। इस मौके पर दिनेश यादव, श्रीपाल सिंह, अरविंद यादव, सुल्तान खां, बलजीत सिंह, अनूप वर्मा आदि मौजूद रहे।

## कुंवरसेन मिस्टर और अनुष्का मिस फेयरवेल चुनी गई

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार:** एचआरपी डिग्री कॉलेज में बुधवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जूनियर विद्यार्थियों ने अंतिम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को विदाई दी। सीनियर्स के सम्मान में गीत, संगीत, नृत्य सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए। विद्यालय परिसर को गुब्बारों व फूलों से सजाया गया।

प्राचार्य डॉक्टर वंदना शर्मा ने विद्यार्थियों की इस भावभीनी पहल को बधाई देते हुए सीनियर्स छात्र व छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कुंवरसेन मिस्टर फेयरवेल एवं अनुष्का गुप्ता मिस फेयरवेल चुनी गई। दोनों को मुकुट एवं पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के सचिव अनूप बेरी ने कहा कि ऐसे सराहनीय कार्यक्रम


विदाई समारोह में चुने गए मिस्टर और मिस फेयरवेल।

का होना सीनियर्स छात्र व छात्राओं को हमेशा यादगार बना रहता है। उन्हें अपनी यादों में हमेशा संजोए रखने का कार्य करता है। प्रबंधक आशीष गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को बेहतर राष्ट्र निर्माण में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। अध्यक्ष मुकेश गुप्ता ने भी कार्यक्रम की सराहना की। संचालन प्रवक्ता राकेश कुमार और छात्रा शिवानी ने संयुक्त रूप से किया।

# एक ही फर्म को कई ग्राम पंचायतों का लाखों रुपये का भुगतान करने में फंसे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **पूरनपुर व मरौरी ब्लाक के तीन सचिवों को नोटिस जारी कर तलब किए अभिलेख**
- **डीपीआरओ बोले- संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर की जाएगी सख्त कार्रवाई**

**अमृत विचार:** ब्लाकों की अधिकांश ग्राम पंचायतों में कराए गए कार्यो का एक ही फर्म को भुगतान किए जाने के मामले में हुई शिकायत के बाद डीपीआरओ ने तीन सचिवों को नोटिस जारी कर भुगतान संबंधी पत्रावली तलब की है। जारी नोटिस में तय समय सीमा में अभिलेख उपलब्ध कराने को कहा गया है।

ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के नाम पर धांधली, सरकारी धन का दुरुपयोग जैसे मामले आए दिन प्रकाश में आते रहते हैं। मामला पकड़ में आने के बाद दोषियों पर कार्रवाईयां भी की जा रही है। इसके बावजूद ग्राम पंचायतों में विकास कार्यो के नाम पर धांधलेबाजी थमने का नाम नहीं ले रही है। इधर ग्राम पंचायतों में विकास कार्य कराने के बाद किए गए कार्यों का भुगतान एक ही फर्म को करने का मामला सामने आया है।

इस मामले की शिकायत सीडीओ से की गई है। बताते हैं कि ब्लॉकों में लखमीपुर की एक फर्म के माध्यम से कराए गए कार्यों का भुगतान किया जा रहा है। शिकायत में मरौरी एवं पूरनपुर ब्लाक की गई ग्राम पंचायतों में इसी फर्म को भुगतान करने की बात कही गई है। सीडीओ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए डीपीआरओ को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। इधर डीपीआरओ सतीश कुमार ने मरौरी ब्लाक के सचिव विकास पांडेय, पूरनपुर ब्लाक के सचिव धर्मपाल और वसीम अहमद को नोटिस जारी कर कराए गए कार्यों के बिल बाउचर समेत भुगतान संबंधी पत्रावली उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। जारी किए गए नोटिस में तय समयसीमा में अभिलेख उपलब्ध न कराने पर संबंधित फर्म के साथ मिली भगत होना माना जाएगा। इस मामले में डीपीआरओ सतीश कुमार ने बताया कि इस मामले में पूरनपुर एवं मरौरी ब्लाक के सचिवों को अभिलेखों के साथ तलब किया गया है। इसके बाद पत्रावलियों का परीक्षण किया जाएगा। संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो कार्रवाई की जाएगी।

## भैंस की तलाश में नदी पार जा रहे ग्रामीण की डूबकर मौत

**जलालाबाद।** तिकोला दुलरामई के एक ग्रामीण की भैंस खो गई थी। वह बहगुल नदी पार कर भैंस तलाश करने जा रहा था। अचानक नदी में डूब गया। गोताखोरों ने उसका शव निकाला। अल्हागंज थाना क्षेत्र के गांव अलवरपुर निवासी प्रेमपाल( 45 ) पिछले 12 साल से अपने बहनोई राजीव के गांव तिकोला दुलरामई थाना जलालाबाद में रह रहा था। जहां उसने दो भैंस पाल रखी थी। मंगलवार की सुबह नौ बजे वह दोनों भैंस चराने के लिए खेत पर आया था। वह कहीं चला गया था। अचानक दोनों गायब हो गई। दोपहर तीन बजे उसकी एक भैंस मिल गयी। लेकिन एक नहीं मिली। वह शाम पांच बजे बहगुल नदी पार कर भैंस की तलाश करने जा रहा था। अचानक प्रेमपाल नदी में डूब गया। खबर मिलने पर उसके बहनोई राजीव आदि पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक हरिपाल सिंह सिपाहियों के साथ पहुंचे और गोताखोरों को बुलाया। चार गोताखोरों ने एक घंटे बाद शव को निकाल लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की शादी नहीं हुई थी। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

## सार-संक्षेप

### पशुशाला में लगी आग से गाय की मौत, दो पशु झुलसे



**घुंघचिहाई।** अज्ञात कारणों के चलते ग्रामीण की पशुशाला में आग लग गई। हादसे में एक गाय की मौत हो गई जबकि दो पशु झुलस गए। अन्य सामान भी जल गया। ग्रामीणों ने एकजुट होकर बमुश्किल आग पर काबू किया। थाना घुंघचिहाई क्षेत्र के ग्राम गोपालपुर निवासी सुखविंदर सिंह ने बताया कि उनके मकान के नजदीक में ही पशुशाला बनी है। मंगलवार रात अज्ञात कारणों के चलते पशुशाला में आग लग गई। आग की लपटें उठने पर आसपास के ग्रामीणों की नजर पड़ी तो लोग सहम गए। शोर मचने पर पीड़ित भी परिवार समेत बाहर आए और मंजर देख होश उड़ गए। ग्रामीणों ने एकजुट होकर किसी तरह मिट्टी और पानी की बौछार कर आग पर काबू किया। मगर, तब तक एक गाय की जलकर मौत हो चुकी थी।

### रामायण संस्कार परीक्षा की टॉप-10 छात्राएं सम्मानित



**पीलीभीत।** विश्व हिंदू परिषद मातृ शक्ति दुर्गा वाहिनी की ओर से जिला पंचायत के अवंतीबाई बालिका इंटर कॉलेज में बुधवार को रामायण संस्कार परीक्षा का परिणाम घोषित करते हुए टॉप-10 छात्रों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान पर आई श्रेयांशी को 2100 रुपये, दूसरे स्थान पर प्रभा मौर्य को 1100 रुपये, तृतीय स्थान पर सोनल वर्मा को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में संघ के जिला प्रचारक दुष्यंत सिंह, डॉ . दीपक गंगवार, उनकी पत्नी डॉ .पूनम कटियार, विभाग सह संयोजिका साधना सिंह , बीएसए अमित सिंह, जिला संगठन मंत्री प्रिंस गौड़ , जिला उपाध्यक्ष जगदीश सक्सेना , जिला महिला उपाध्यक्ष अन्नू चौधरी , परमजीत कौर , सोनी पटेल , शिक्षिका अनीता जोशी, नेहा मिश्रा, साधना गुप्ता आदि मौजूद रहे। जिला उपाध्यक्ष जगदीश सक्सेना ने कहा कि जो अपने धर्म और संगठन के प्रति लगाव और समरसता का भाव रखते हैं बो निसंकोच राष्ट्र और अपने मजबूत चरित्र का निर्माण कर सकते हैं।

### रेलवे लाइन किनारे बसे लोगों को किया जागरूक



**पूरनपुर :** आरपीएफ ने अभियान के तहत रेलवे लाइन के किनारे रहने वाले लोगों को जागरूक किया। रेल लाइन पर बैठने और पार करने वालों पर कारवाई करने की चेतावनी दी गई। रेलवे सुरक्षा बल की ओर से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत बुधवार को आरपीएफ ने लोगों को रेलवे लाइन से दूर रहने के बारे में बताया। दरअसल स्टेशन के पास मोहल्ला रजागंज देहात, अहमदनगर और साहूकारा लाइनपार घनी आबादी वाले क्षेत्र है। शाम के वक्त लोग अक्सर रेल लाइन के किनारे बैठते है। इससे हादसे की आशंका बनी रहती है। आरपीएफ ने आबादी क्षेत्र में पहुंचकर लोगों को जागरूक किया। आरपीएफ के जितेंद्र कुमार ने कहा कि रेल की पटरी पर बैठे और पार करते हुए पकड़े जाने पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान कई लोगों को पकड़कर हिदायत देते हुए छोड़ दिया गया।

# मुख्य आरक्षी के घर आठ लाख की चोरी

संवाददाता, भोजीपुरा/ बरेली

- **बरेली के भोजीपुरा के मार्डन विलेज इलाके में वारदात से हड़कंप**
- **मुख्य आरक्षी के घर से आठ लाख का सामान चोरी**

**अमृत विचार :** चुनाव ड्यूटी में पुलिस की व्यस्तता का फायदा उठाकर चोर सक्रिय हो गए हैं। चोरों ने पीलीभीत में तैनात सिपाही के मार्डन विलेज स्थित आवास को निशाना बनाकर वारदात को अंजाम दिया। यहां से चारे नकदी-जेवरात समेत आठ लाख का सामान समेट ले गए। सिपाही के घर हुई चोरी की घटना से पुलिस की किरकिरी भी हुई। फिलहाल अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस छानबीन में जुट गई है।

भोजीपुरा के एल्डिको कॉलोनी के पास स्थित मार्डन विलेज में मुख्य आरक्षी रोशन लाल का आवास है। रोशनलाल की तैनाती पीलीभीत जनपद में है। घर पर उनकी पत्नी मीना देवी बच्चों के साथ रहती हैं। रोशन लाल की छोटी बेटी दीक्षा पीलिया से ग्रसित है,जिसका इलाज लखनऊ के निजी अस्पताल में चल रहा है। उनकी विवाहित पुत्री सिंधू भी घर आई थी। सभी लोग 12 मई को दीक्षा को देखने के लिए लखनऊ गए हुए थे। मकान को ताला लगाकर बंद कर दिया था। 13 मई की रात चोर छत के रास्ते घर में घुस गए और बेखौफ होकर कमरों में रखा सामान खंगाल दिया। यहां से चोर 50 हजार रुपये, साढ़े सात लाख रुपये के जेवरात समेत ले गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। हालांकि कोई खास क्लू नहीं मिल सका है। पुलिसकर्मी के घर हुई चोरी का शोर मचते ही मामला चर्चा का विषय बना रहा। पत्नी मीना देवी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### सीसीटीवी में कैद हुई तस्वीर, मगर साफ नहीं

चोरी की घटना की सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इसमें घटना के लिए घर में आते वक्त और अंजाम देने के बाद जाते वक्त चोर की तस्वीर कैमरे में कैद मिली। हालांकि फुटेज पूर्णतया स्पष्ट नहीं है। फुटेज के आधर पर घटना तड़के की बताई जा रही है।

### आठ मई को हुई थी बीएसएफ इंस्पेक्टर के घर चोरी

पीलीभीत में तैनात पुलिसकर्मी के आवास में हुई वारदात से पहले आठ मई को भी चोर सक्रिय हुए थे। बताते हैं कि आठ मई की रात बीएसएफ के इंस्पेक्टर के घर चोर घुसे थे। यहां से भी नकदी जेवरात समेत लाखों का सामान समेट ले गए थे।

## हत्यारोपी पति का पुलिस ने चालान कर जेल भेजा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव रपड़िया की सरिता ने बताया कि उसके पिता गंगाधर कश्यप 12 मई को रात में उसकी मां सुनीता देवी व दो साल के भाई कैलाश को साथ में लेकर सुबह सात बजे निकले थे। घर से निकलते समय कहा कि भट्टे पर हिसाब करने जा रहे है। शाम सात बजे उसके पिता गंगाधर साथ में कैलाश को लेकर आए। लेकिन उसकी मां सुनीता देवी नहीं आई थी। उसने पिता से पूछा कि मां कहां गई तो पिता ने कहा कि वह इस दुनिया में नहीं और नहीं आएगी। सरिता प्रधान के घर पहुंची और प्रधान को जानकारी दी। प्रधान ने गंगाधर को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने आरोपी पति से पूछताछ की तो कहा कि गंगा नदी में डूबोकर मार डाला है। पुलिस ने आरोपी पति की निशानदेही से रामगंगा नदी से सुनीता का शव बरामद कर लिया था।

# किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म का आरोपी पकड़ा

संवाददाता, बिलसंडा

- **बरेली बुलाकर दोस्तों के साथ दुष्कर्म करने का है आरोप**

**अमृत विचार:** नगर की एक दलित किशोरी से दोस्ती करने के बाद धोखे से बरेली बुलाकर दोस्तों के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

बता दें कि नगर के एक मोहल्ले की रहने वाली किशोरी ने दो महीने पहले दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया था कि कुछ माह पूर्व बरेली के शीशगढ़ निवासी वासु देवल उर्फ शगुन से उसकी दोस्ती हुई थी। दोनों की फोन पर बात होती थी। आरोप है कि एक दिन आरोपी ने पीड़िता को बरेली सेटेलाइट मिलने के लिए बुलाया। जिस पर वह उससे मिलने पहुंची। आरोप है कि वहां पर उसके दो दोस्त पहले से मौजूद थे। जिसकी उसे उस वक्त जानकारी नहीं हुई। बाद में वह एक धर्मस्थल पर ले जाने की बात कहकर साथ ले गए। होटल में एक कमरा पहले से ही बुक कर रखा था। आरोप है कि आरोपी ने अपने दो साथियों के साथ जबरन दुष्कर्म किया। गैंगरेप की वीडियो भी बना ली थी। आरोपियों ने पीड़िता के जेवर ले लिए थे। सीओ के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी वासु देवल उर्फ शगुन, अर्जुन और एक अज्ञात पर पाक्सो एक्ट, एससी एक्ट, सामूहिक दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज की थी। आरोपी वासुदेव को गिरफ्तार करके बुधवार को चालान कर कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है।

# जीएसटी के सभी मामलों में गिरफ्तारी जरूरी नहीं

नयी दिल्ली, एजेंसी



- सॉलिसिटर जनरल ने कहा अधिकांश गिरफ्तारियां जांच के दौरान की जाती हैं
- उच्चतम न्यायालय ने सुरक्षित रखा फैसला, कहा-जांच पूरी होने तक नहीं की जा सकती गिरफ्तारी

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को केंद्र से कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के सभी मामलों में गिरफ्तारी की कोई जरूरत नहीं है और ऐसा तभी किया जा सकता है जब दोष साबित करने के लिए पक्के सबूत और ठोस सामग्री हो।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने सीमा शुल्क अधिनियम और जीएसटी अधिनियम से संबंधित प्रावधानों की संवैधानिक वैधता और व्याख्या को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा कि गिरफ्तारी की शक्ति गिरफ्तारी की जरूरत से अलग है। पीठ ने सरकार की तरफ से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू से कहा, कानून यह कहता है कि जांच पूरी करने के लिए आपको गिरफ्तार करने की जरूरत है। यह कुछ विश्वसनीय साक्ष्य और ठोस सामग्री पर आधारित होनी चाहिए। पीठ ने कहा कि कानून ने खुद ही स्वतंत्रता को ऊंचे मुकाम पर रखा है और इसे कमजोर नहीं किया जाना चाहिए। इस पर अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि अधिकांश गिरफ्तारियां जांच के दौरान की जाती हैं क्योंकि किसी मामले में जांच पूरी होने के बाद कोई गिरफ्तारी नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा, गिरफ्तारी केवल संदेह पर आधारित नहीं है, यह उस समय की जाती है जब यह मानने के कई कारण हों कि यह किसी गंभीर अपराध के घटित होने का संकेत दे रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वास करने का कारण अपराध किए जाने की सख्त व्याख्या पर आधारित नहीं हो सकता है। इस पर पीठ ने कहा, इस संबंध में निर्णय गिरफ्तारी से पहले होना चाहिए। इसके साथ ही कहा कि वह सीमा शुल्क अधिनियम और जीएसटी अधिनियम के तहत 'विश्वास करने के कारण' और 'गिरफ्तारी के आधार' के सवाल की जांच करेगी। शीर्ष अदालत ने कहा कि जहां जीएसटी अधिकारियों की मनमानी के कई मामले सामने आए हैं, वहीं करदाताओं की ओर से गलत काम करने के भी मामले हैं। पीठ ने कहा कि वह अपना फैसला देते समय इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखेगी। याचिकाकर्ताओं ने सीमा शुल्क अधिनियम और जीएसटी अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों को चुनौती देते हुए कहा है कि दोनों कानूनों के तहत गिरफ्तारी प्रावधानों का घोर दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने धमकाए जाने और उचित प्रक्रिया का पालन किए बगैर भुगतान के लिए मजबूर किए जाने का आरोप भी लगाया है। जीएसटी अधिनियम की धारा 69 गिरफ्तारी की शक्तियों से संबंधित है, जबकि सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 104 एक अधिकारी को किसी को गिरफ्तार करने की अनुमति देती है यदि उसके पास यह विश्वास करने का कारण है कि उस व्यक्ति ने अपराध किया है।

## लखनऊ में ऑनलाइन गैंबलिंग के कई गिरोह सक्रिय

**लखनऊ।** राजधानी में ऑनलाइन गैंबलिंग करने वाले कई गिरोह सक्रिय हैं। यह खुलासा एसटीएफ द्वारा मो. दानिश की गिरफ्तारी के बाद हुआ है। एसटीएफ ने मंगलवार को ऑनलाइन गैंबलिंग गेम तैयार कर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के सरगना मो. दानिश को इंदिरानगर से गिरफ्तार किया था। आरोपी के खिलाफ साइबर फ्राड का एक मामला बंगलूरू में भी दर्ज पाया गया है। मो. दानिश ने एसटीएफ को बताया कि खरीदी गई टेलीग्राम आईडी से वह टेलीग्राम चैनल ग्रुप बनाकर उनमें फर्जी वेबसाइट व लिंक बनाकर लोगों को ऑनलाइन खरीदारी करने के लिए व ऑनलाइन लूडो किंग एप पर बेटिंग करने के लिए आमंत्रित करता था। इसके बाद उनका पूरा पैसा ट्रांसफर करा लिया जाता है। अफसरों के मुताबिक, जल्द ही और गिरफ्तारियां की जाएंगी।

# मोदी के निर्देश पर काम कर रहा निर्वाचन आयोग : ममता बनर्जी

कोलकाता, एजेंसी



- आयोग को बताया कठपुतली, दो महीने की अवधि में चुनाव तय करने के लिए की आलोचना

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को निर्वाचन आयोग (ईसी) को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशों के तहत काम करने वाली कठपुतली करार दिया। हुगली जिले के चिनसुराह में एक चुनावी रैली में बनर्जी ने दो महीने की अवधि में चुनाव निर्धारित करने के लिए निर्वाचन आयोग की आलोचना की और आरोप लगाया कि अत्यधिक गर्मी के कारण आम लोगों को होने वाली कठिनाइयों की अनदेखी करते हुए भाजपा के पक्ष में यह फैसला लिया।

बनर्जी ने कहा, निर्वाचन आयोग एक कठपुतली है और मोदी के निर्देशों के अनुसार काम करता है। ढाई महीने से मतदान हो रहा है, क्या आपको (निर्वाचन अधिकारियों को) कभी आम लोगों की परेशानियों का एहसास हुआ है। हुगली से पार्टी की उम्मीदवार अभिनेत्री रचना बनर्जी के साथ मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी पर चुनाव के दौरान 70 साल से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को दायरे में लाने के लिए आयुष्मान भारत योजना का विस्तार करने की योजना की कथित रूप से घोषणा करके आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, अब जब चुनाव चल रहा है तो आप ऐसा क्यों कह रहे हैं? आपको इसकी घोषणा पहले करनी चाहिए थी। बनर्जी ने लोकसभा चुनाव में 400 सीट हासिल करने के भाजपा के महत्वाकांक्षी लक्ष्य पर संदेह व्यक्त किया। उन्होंने कहा, भाजपा 400 सीट जीतने का दावा कर रही है, लेकिन लोग कह रहे हैं कि इस बार ऐसा नहीं होगा। हम केंद्र में सरकार बनाने के लिए इंडिया गठबंधन को बाहर से समर्थन देंगे। बनर्जी ने बंगाल में सीएए, एनआरसी और यूसीसी के कार्यान्वयन के खिलाफ अपनी पार्टी के अडिग रुख की घोषणा की।

## एक नजर

### फर्जी कस्टमर केयर नंबरों पर कार्रवाई करे गूगल

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग ने गूगल के नोडल अधिकारी को पत्र लिखकर गूगल सर्च में प्रदर्शित फर्जी कस्टमर केयर नंबरों के कारण हो रही धोखाधड़ी गतिविधियों को रोकने और आवश्यक कार्रवाई करने के लिए कहा है। गर्ग ने कहा है कि विभिन्न प्रकार के साइबर अपराध करने वाले साइबर ठग गूगल प्लेटफॉर्म का उपयोग कर प्रमुख बैंकों, बीमा कंपनियों, होटलों, वॉलेट्स, यूपीआई, गैस एजेंसियों, चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाओं एवं अन्य आवश्यक सेवाओं के कस्टमर केयर नंबरों को अपडेट करने के नाम से लोगों को ठगने का कार्य कर रहे हैं।

### नौ वर्षीय छात्रा से दुष्कर्म के आरोप में शिक्षक गिरफ्तार

**लातेहार।** झारखंड के लातेहार जिले में 25-26 वर्षीय शिक्षक वह लड़की को उसके घर जाकर ट्यूशन पढ़ाता था। पुलिस उपाधीक्षक हिमांशु चंद्र मांझी ने बताया कि सोमवार को वह नाबालिग छात्रा को पास के जंगल में ले गया और वहां उसके साथ बलात्कार किया। इसके बाद वह छात्रा को अपने घर ले गया। बच्ची के लापता होने पर उसके परिजन और पड़ोसी उसे ढूंढ़ने लगे। आधी रात के आसपास बच्ची आरोपी के घर पर मिली। उन्होंने बताया कि जब बच्ची ने परिजनों को आपबीती बताई तो उन्होंने शिक्षक को पकड़ लिया और मंगलवार को उसे पुलिस को सौंप दिया। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

### छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के विस्फोट में थाना प्रभारी बचे

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ में बीजापुर जिले के फरसेगढ़ थाना प्रभारी बुधवार को नक्सलियों के विस्फोट में बच गए। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव ने घटना की पुष्टि की है। थाना प्रभारी सुबह अपने वाहन में बीजापुर जिला मुख्यालय के लिए रवाना हुए। इसी दौरान सोमनपल्ली और रानीबोदली के बीच गन्नम नाला के पास नक्सलियों ने वाहन में विस्फोट कर दिया। वाहन में थाना प्रभारी के साथ एक आरक्षक भी था। थाना प्रभारी और आरक्षक दोनों ही सुरक्षित हैं।

### जम्मू-कश्मीर में सड़क हादसों में पांच की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के सांबा में एक पुल पर गलत दिशा से आ रहे एक ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे उस पर सवार दो साधुओं बाबा भीम गिरी (55) और सुरेश कुमार (52) की मौत हो गई। दोनों साधु नरवाल बाइपास के रहने वाले थे। पुंछ के सुरनकोट इलाके में सुबह 11.30 बजे एक अन्य दुर्घटना में यात्री वाहन 100 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। वाहन को चला रहे 26 वर्षीय मोहम्मद नसीर खान की मौत हो गई। रामबन जिले में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रक की चपेट में आने से 17 वर्षीया सबूरा रफीक की मौत हो गई। रामबन में ट्रक ने दलवास के पास एक खड़े डंपर को टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई।

### 'लिव-इन पार्टनर' की हत्या, एक गिरफ्तार

**नोएडा (उप्र)।** गौतमबुद्धनगर जिले के थाना सेक्टर-39 क्षेत्र में 35 साल के शख्स को अपनी 50 वर्षीय 'लिव इन पार्टनर' की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि आरोपी गौतम को शक था कि मृतका विनीता कुछ लोगों से संपर्क में थी। आरोपी ने बताया कि उसने महिला के प्रेम में अपनी पत्नी को छोड़ दिया था। महिला के पति के निधन के बाद से वह तीन साल से साथ रह रहे थे। वह सेक्टर 42 में रहते थे। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि मंगलवार रात गौतम ने विनीता से मारपीट की, जिससे वह बेहोश हो गई। महिला को अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां उनकी मौत हो गई।

# सेना पर राहुल गांधी की टिप्पणी के खिलाफ निर्वाचन आयोग पहुंची भाजपा

## अग्निपथ भर्ती योजना को लेकर मोदी सरकार पर रायबरेली में की थी कथित टिप्पणी

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को निर्वाचन आयोग से कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ उनकी उस टिप्पणी के लिए कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया जिसमें उन्होंने कहा था कि मोदी सरकार ने सैनिकों की दो श्रेणियां बनाई हैं, जिनमें से एक गरीब परिवारों और आरक्षित वर्गों से है और दूसरी अमीर परिवारों से है।

केंद्रीय मंत्रियों एस जयशंकर, अर्जुन राम मेघवाल और राजीव चंद्रशेखर सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग का दरवाजा खटखटाया और शिकायत दर्ज कराई। भाजपा के राज्यसभा सदस्य और राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी भी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों के साथ बैठक के बाद जयशंकर ने कहा कि कुछ दिन पहले राहुल गांधी ने कहा था कि नरेन्द्र मोदी ने दो तरह के सैनिक तैयार किए हैं, पहले में गरीबों के बेटे और दलित, आदिवासी, पिछड़े, सामान्य श्रेणी के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और अल्पसंख्यक शामिल हैं जबकि दूसरे में अमीरों के बेटे हैं। जयशंकर ने राहुल की टिप्पणी को बहुत गंभीर बताया और कहा कि भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने इसे निर्वाचन आयोग के संज्ञान में लाया और उससे कांग्रेस नेता के खिलाफ बहुत सख्त कार्रवाई करने और उन्हें अपनी टिप्पणी वापस लेने के लिए कहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अगर चुनाव के दौरान सेना पर ऐसे हमले किए जाते हैं जो हमारी सीमाओं पर तैनात है। यदि आप उन पर बिना किसी कारण के और झूठ फैलाकर हमला करते हैं और कहते हैं कि अगर वे शहीद हो गए तो सरकार उनके लिए कुछ नहीं करेगी तो हम इस पर गंभीर आपत्ति जताते हैं। जयशंकर ने कहा कि सशस्त्र बलों के खिलाफ इस तरह के हमले देश के लिए बहुत खतरनाक हैं। आज हम देश के सामने भी यह कहना चाहते हैं कि देश यह बर्दाश्त नहीं करेगा कि राजनीतिक कारणों से हमारे सैनिकों पर ऐसे हमले हों।

### कांग्रेस ने पहले भी किया सैनिकों पर हमला

विदेश मंत्री ने कहा यह पहली बार नहीं है जब कांग्रेस और राहुल गांधी ने सैनिकों पर हमला किया है। कुछ साल पहले जब अरुणाचल में हमारे सैनिकों ने चीनी सेना को पीछे धकेला था, तब भी राहुल गांधी ने संसद में कहा था कि हमारे सैनिकों को पीटा गया। हमने यह अपमान तब भी देखा जब बालाकोट सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाए गए। जब हमने उरी में सफल कार्रवाई की, उस पर भी इन लोगों ने सवाल उठाए। जनरल बिपिन रावत के खिलाफ कई बातें कही गईं। भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग का ध्यान कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन के अन्य घटकों के खिलाफ आदर्श चुनाव आचार संहिता के कथित उल्लंघन के लिए दर्ज शिकायतों की ओर आकर्षित किया और इन पर गौर करने का आग्रह किया।

## हिमाचल में भाजपा और कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की सूची जारी

**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश की चार लोकसभा और छह विधानसभा सीटों पर प्रचार करने के लिए अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। यह सूची मंगलवार देर रात जारी की गयी जिसमें दोनों दलों ने वरिष्ठ नेताओं को स्टार प्रचारक बनाया है। भाजपा द्वारा जारी की गई 40 स्टार प्रचारकों की सूची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सरीखे बड़े नाम हैं। भाजपा शासित छह राज्यों के मुख्यमंत्रियों को भी स्टार प्रचारक बनाया गया है। इनमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हिम्मत बिस्वा सरमा, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, उतराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा शामिल हैं।

# अवमाननापूर्ण आरोप नहीं लगा सकता वादी : अदालत

नयी दिल्ली, एजेंसी

- राहुल ने सोनिया के साथ वीडियो जारी कर ताजा कीं पुरानी यादें

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा कि एक वादी अपने कानूनी विकल्पों का प्रयोग कर सकता है, लेकिन उसे अवमाननापूर्ण आरोप लगाने और अदालत के अधिकार को कमजोर करने की स्वतंत्रता नहीं है। अदालत ने इस महीने की शुरुआत में हाइब्रिड सुनवाई (हाइब्रिड माध्यम में भौतिक पेशी और डिजटल माध्यम दोनों के जरिये सुनवाई से जुड़ने की व्यवस्था होती है) आयोजित करने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे डिजिटल मंच के 'चैट बॉक्स' में एक वकील की "स्पष्ट रूप से अवमाननापूर्ण" टिप्पणियों पर आपत्ति जताते हुए यह बात कही। अदालत ने वकील को कारण बताओ नोटिस जारी किया। वकील अदालत द्वारा कथित तौर पर उनके व्यक्तिगत मामले की सुनवाई नहीं करने से व्यथित थे। अदालत ने उनसे यह बताने के लिए कहा कि क्यों न अवमानना के लिए नोटिस जारी किया जाए और उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू की जाए। न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने कहा कि वकील से मर्यादा बनाए रखने की उम्मीद की गई थी, लेकिन उन्होंने कोई पश्चाताप व्यक्त नहीं किया है और अपनी टिप्पणियों पर कायम रहे, जो सार्वजनिक धारणा में अदालत के अधिकार को कमजोर करने की कोशिश करती हैं। न्यायाधीश ने कहा कि टिप्पणियां अदालत को बदनाम करने" के इरादे से सार्वजनिक क्षेत्र में रखी गई थीं, "स्पष्ट रूप से अपमानजनक" हैं और न्यायिक कार्यवाही के उचित विमर्श में हस्तक्षेप करती हैं, इसलिए अदालत की अवमानना अधिनियम की धारा 14 के तहत आपराधिक अवमानना के दायरे में आती हैं।

# अगर लोग भाजपा को वोट देंगे तो मुझे जेल जाना होगा: केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

- केजरीवाल ने गठबंधन इंडिया को वोट देने का आग्रह किया
- चांदनी चौक से कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में किया रोड शो

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि अगर लोगों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को वोट दी तो उन्हें जेल जाना होगा। केजरीवाल ने लोगों से विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' के उम्मीदवार को वोट देने का आग्रह किया। 'इंडिया' गठजोड़ के तहत 'आप' और कांग्रेस दिल्ली में लोकसभा चुनाव मिल कर लड़ रही हैं। चांदनी चौक लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी जेपी अग्रवाल के पक्ष में मॉडल टाउन इलाके में रोड शो करते हुए केजरीवाल ने यह नारा भी दिया कि जो करे केजरीवाल को प्यार वो करे मोदी को इनकार। केजरीवाल ने कहा, मैं जेल से सीधे आपके बीच आया हूं। कहा मैं सोच रहा था कि मुझे जेल में क्यों डाला गया। मेरा दोष क्या है? ये लोग काफी शक्तिशाली हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका दोष बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करना, उनके लिए अच्छे स्कूल बनाना, मोहल्ला क्लिनिक खोलना और लोगों के लिए मुफ्त दवाओं की व्यवस्था करना है।

### केजरीवाल की याचिका पर 11 जुलाई को होगी सुनवाई

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जारी समन को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका को बुधवार को 11 जुलाई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत की अध्यक्षता वाली पीठ ने आप नेता को ईडी के उत्तर पर प्रत्युत्तर देने के लिए चार और सप्ताह का समय दिया।

## महाराष्ट्र में जल-संकट टैंकरों से हो रही आपूर्ति

**भाजीनगर।** महाराष्ट्र में मराठवाड़ा के सात जिलों में अपर्याप्त वर्षा और जल संसाधनों के सूख जाने के कारण पानी की बढ़ती कमी से 1691 पानी के टैंकर 1149 प्रभावित गांवों और 441 बस्तियों में पानी उपलब्ध करा रहे हैं। संभागीय आयुक्त कार्यालय की ओर से बुधवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि 12 मई तक 1691 टैंकर सात जिलों के गांवों में पानी की आपूर्ति करने की सेवा में लगे हुए थे। इनमें 656 टैंकर छत्रपति संभाजीनगर जिले के 405 गांवों और 61 बस्तियों में पानी की आपूर्ति कर रहे हैं, 475 टैंकर जालना के 324 गांवों और 74 बस्तियों में आपूर्ति कर रहे हैं। 382 टैंकर बीड में 308 गांवों और 282 बस्तियों में पानी की आपूर्ति कर रहे हैं, जबकि 129 टैंकर धाराशिव में 37 गांवों में, 21 टैंकर लातूर जिले में 18 गांवों और चार बस्तियों में, 16 टैंकर तीन गांवों और 13 बस्तियों में नांदेड़, परभणी के आठ गांवों और सात बस्तियों में 12 टैंकर पानी की आपूर्ति कर रहे हैं।

## अदालत ने एक आरोपी की मौत को लेकर रिपोर्ट तलब की

- सलमान खान के घर पर गोलीबारी मामले में गिरफ्तार आरोपी की मौत को हत्या बताते हुए मां ने दायर की है याचिका

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर हुई गोलीबारी से जुड़े मामले में गिरफ्तार एक आरोपी द्वारा पुलिस हिरासत में आत्महत्या करने और उसकी जांच को लेकर बुधवार को स्थिति रिपोर्ट तलब किया।

न्यायमूर्ति संदीप मार्ने और न्यायमूर्ति नीला गोखले की अवकाश पीठ ने पुलिस थाना में लगे सीसीटीवी कैमरे की तस्वीर और संबंधित पुलिस अधिकारियों के कॉल डाटा रिकॉर्ड को भी संरक्षित करने का निर्देश दिया। पीठ आरोपी अनुज थापन की मां रीता देवी की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। थापन की एक मई को मुंबई पुलिस की अपराध शाखा की इमारत में स्थित हवालात के शौचालय में मौत हो गई थी। पुलिस ने दावा किया है कि थापन ने आत्महत्या की है जबकि उसकी मां ने तीन मई को उच्च न्यायालय में दाखिल याचिका में किसी अनहोनी और बेटे की हत्या होने की आशंका जताई। रीता देवी ने बेटे की मौत की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराने का अनुरोध किया है। याचिका में दावा किया गया कि थापन की पुलिस हिरासत में पिटाई की गई और उसे यातना दी गई। अपर लोक अभियोजक प्रजक्ता शिंदे ने बुधवार को अदालत को बताया कि कानून के तहत हत्या की मजिस्ट्रेट जांच कराई जा रही है।

# चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में नैतिकता के साथ काम करें वकील : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- वकीलों और पुलिस के विवाद से उत्पन्न वर्तमान मामले पर की महत्वपूर्ण टिप्पणी

**अमृत विचारः** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वकीलों और पुलिस अधिकारियों के बीच हुए विवाद से उत्पन्न वर्तमान मामले पर सुनवाई करते हुए वकीलों के प्रति महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि वकीलों की नैतिक दुविधा प्रायः सामाजिक और सार्वजनिक चुनौतियों में बदल जाती है। एक वकील का जीवन बंद कमरे के आरामदायक वातावरण जैसा नहीं होता बल्कि उसे दुनिया की भीड़ में रहते हुए अपनी दार्शनिकता को बनाए रखना पड़ता है। एक वकील के खिलाफ यह आम शिकायत होती है कि वह न्याय की परवाह नहीं करते हैं। वास्तव में वकील न्याय से अधिक अपने मुवक्किलों के हितों की चिंता करते हैं। एक वकील यह नहीं भूल सकता कि उसका पेशा एक अनोखा व्यवसाय है। यह केवल इसलिए नहीं कि उसे समाज में एक कुलीन स्थिति प्राप्त है बल्कि इसलिए कि वकील होने के कारण उसे न्याय प्राप्त करने के माध्यम के रूप में समुदाय का विश्वास प्राप्त है।

उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की खंडपीठ ने नीलम सिंह की याचिका को खारिज करते हुए की। इस निर्णय की एक प्रति उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के अध्यक्ष और हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पदाधिकारी को भेजने का निर्देश दिया है, जिससे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी नैतिक आचरण को अपनाकर नैतिकता को बनाए रखने के लिए वकीलों को संवेदनशील बनाया जा सके, साथ ही वकीलों को उस परंपरा को पुनर्जीवित करने के लिए प्रेरित करने का उद्देश्य है, जिसके लिए वकील जाने जाते हैं। दरअसल याची के पति और उनके पड़ोसियों के बीच विवाद हुआ। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने याची के पति के साथ दुर्व्यवहार किया और जबरन उसे कर्नलगंज पुलिस स्टेशन, प्रयागराज ले गई। याची ने पति के मित्रों को पुलिस स्टेशन पहुंचने के लिए कहा। सभी हाईकोर्ट के वकील थे। याची का आरोप है कि पुलिस लॉकअप में उसके पति को बेरहमी से पीटा गया।

## नवविवाहिता पर हमला: आयोग ने पुलिस की आलोचना की

तिरुवनंतपुरम/कोझिकोड, एजेंसी

- कहा-पत्नी को शारीरिक नुकसान पहुंचाना बल का अपमान

केरल महिला आयोग ने बुधवार को एक नवविवाहित महिला की उस शिकायत के संबंध में पुलिस की आलोचना की, जिसमें उसने पति पर दहेज के लिए बेरहमी से मारपीट करने और हत्या की कोशिश करने का आरोप लगाया था।

केरल महिला आयोग (केडब्ल्यूसी) की अध्यक्ष पी. सतीदेवी ने बताया कि जो पुलिस अधिकारी यह सोचते हैं कि पतियों को अपनी पत्नियों को शारीरिक नुकसान पहुंचाने का अधिकार है तो यह बल का अपमान हैं। उन्होंने केरल पुलिसकर्मियों के लिए लैंगिक संवेदनशीलता प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। सतीदेवी ने कहा कि कल केरल महिला आयोग को पीड़िता की ओर से एक शिकायत मिली, जिसके बाद पंथिरनकावु पुलिस थाना प्रभारी को इस मामले का विवरण जानने के लिए बुलाया गया। पंथिरनकावु में ही दूल्हे का परिवार रहता है। सतीदेवी ने कहा, कि पीड़िता ने ससुराल पक्ष पर उसके साथ क्रूरता करने के गंभीर आरोप लगाए हैं और उसे इस सिलसिले में अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन जब वह पुलिस से शिकायत करने पहुंची तो उन्होंने इसे गंभीरता से नहीं लिया। कहा कि महिला मामले को सुलझाए और अपने पति के साथ ही रहे।

# बेरोजगारी दर मार्च तिमाही में घटकर 6.7% रही

नयी दिल्ली, एजेंसी



- एक साल पहले मार्च तिमाही में 6.8 प्रतिशत थी बेरोजगारी दी
- शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं की बेरोजगारी दर जनवरी-मार्च में 8.5 प्रतिशत रही
- 2023 में जनवरी-मार्च में बेरोजगारी दर थी 9.2%

देश के शहरी क्षेत्रों में 15 साल और उससे अधिक उम्र के लोगों में बेरोजगारी दर जनवरी-मार्च तिमाही में घटकर 6.7 प्रतिशत रही जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 6.8 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय नमूना सर्वे कार्यालय ने यह जानकारी दी है।

बेरोजगारी दर को कुल श्रम बल में बेरोजगार लोगों के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया जाता है। वित्त वर्ष 2022-23 की मार्च तिमाही में बेरोजगारी दर 6.8 प्रतिशत थी जबकि पिछले वित्त वर्ष की अप्रैल-जून के साथ जुलाई-सितंबर 2023 तिमाही में यह 6.6 प्रतिशत थी। अक्टूबर-दिसंबर 2023 में यह 6.5 प्रतिशत थी। निश्चित अवधि पर होने वाले 22वें श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के मुताबिक जनवरी-मार्च 2024 के दौरान शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के मामले में बेरोजगारी दर 6.7 प्रतिशत थी। आंकड़ों से यह भी पता चला कि शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं के बीच बेरोजगारी दर जनवरी-मार्च 2024 में घटकर 8.5 प्रतिशत रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 9.2 प्रतिशत थी। अप्रैल-जून 2023 में यह 9.1 प्रतिशत, जुलाई-सितंबर 2023 में 8.6 प्रतिशत और अक्टूबर-दिसंबर 2023 में 8.6 प्रतिशत थी। पुरुषों में शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर आलोच्य तिमाही में बढ़कर 6.1 प्रतिशत हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में छह प्रतिशत थी। अप्रैल-जून 2023 में यह 5.9 प्रतिशत, जुलाई-सितंबर 2023 में छह प्रतिशत और अक्टूबर-दिसंबर 2023 में 5.8 प्रतिशत थी। शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए वर्तमान साप्ताहिक स्थिति में श्रम बल भागीदारी दर मार्च तिमाही में बढ़कर 50.2 प्रतिशत हो गई।

### एनएसएसओ ने अप्रैल 2017 में शुरू किया था पीएलएफएस

एनएसएसओ के अनुसार अप्रैल-जून 2023 में यह 48.8 प्रतिशत, जुलाई-सितंबर 2023 में 49.3 प्रतिशत और अक्टूबर-दिसंबर 2023 में 49.2 प्रतिशत थी। श्रम बल से तात्पर्य आबादी के उस हिस्से से है, जो वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन के लिए आर्थिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए श्रम की आपूर्ति करता है या आपूर्ति करने की पेशकश करता है। इस तरह श्रम बल में रोजगार पाने वाले और बेरोजगार दोनों व्यक्ति शामिल होते हैं। एनएसएसओ ने पीएलएफएस अप्रैल 2017 में शुरू किया था। इस सर्वे के आधार पर एक तिमाही रिपोर्ट निकाली जाती है जिसमें बेरोजगारी दर, कामकाजी आबादी अनुपात, श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) का अनुमान रखा जाता है।

## फैशन टीवी के एमडी पर 38 लाख की ठगी की रिपोर्ट

- फैशन टीवी स्पा और सैलून की फ्रेंचाइजी का झांसा देकर रुपये ठगने का आरोप

**लखनऊ।** शालीमार गैलेंट विज्ञानपुरी निवासी कारोबारी मनोज अग्रवाल और उनके साझीदार ने फैशन टीवी के एमडी कासिफ खान समेत चार लोगों पर एफआईआर दर्ज कराई है। इन लोगों पर फैशन टीवी स्पा और सैलून की फ्रेंचाइजी देने के नाम पर 38 लाख रुपये ठगी करने का आरोप है। कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर गोमतीनगर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

महानगर स्थित शालीमार गैलेंट विज्ञानपुरी निवासी मनोज अग्रवाल कारोबारी हैं। उन्होंने बताया कि फैशन टीवी ने अपने ब्रांड के नाम पर सोशल मीडिया पर फ्रेंचाइजी से व्यापार करने और पैसा कमाने का प्रस्ताव दिया। इससे आकर्षित होकर मनोज और उनके साझीदार ने फैशन टीवी के दुष्यंत सिह, प्रियेश जैन व हार्दिक गौर के मोबाइल नंबर कई बार संपर्क किया। इन लोगों ने अपने को कंपनी का वरिष्ठ पदाधिकारी और कासिफ खान का कर्मचारी बताया। तीनों ने कंपनी को एक अंतरराष्ट्रीय ब्रांड बताते हुए लखनऊ में अपना कारोबार बढ़ाने का ऑफर दिया। इसमें रुपये लगाने पर तीन साल में 85 प्रतिशत का लाभ देने का वादा किया।

